इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक - 327 राजनांदगांव, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## 'रूस से तेल खरीद पर नहीं हुई कोई बात', भारत ने ट्रंप का दावा किया खारिज



नई दिल्ली। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से रह-रहकर की जा रही बयानबाजी भारत-अमेरिका के रिश्तों को लगातार असहज कर रही है। दोनों देशों के अधिकारियों की तरफ से अमेरिकी शुल्क नीति से संबंधों में आए तनाव को समाप्त करने की कोशिशों को भी वह नुकसान पहुंचा रहे हैं। बुधवार को उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनकी बातचीत हुई है और भारतीय पीएम ने उन्हें आश्वस्त किया है कि भारत रूस से तेल की खरीद बंद कर देगा।

गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने ट्रंप के दावे को खारिज कर दिया और कहा कि एक दिन पहले दोनों नेताओं के बीच ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई है। यह भी स्पष्ट किया कि तेल खरीदने का फैसला आम जनता के हितों को प्राथमिकता के तौर पर लेते हुए किया जाता है। हालांकि, भारत अमेरिका से भी ज्यादा तेल खरीदने का इच्छुक है। वैसे, ट्रंप ने बातचीत को लेकर दो बार में दो अलग-अलग तिथि बताई। एक बार कहा कि दो दिन पहले बात हुई और फिर आगे कहा कि पीएम मोदी ने मुझे आज आश्वासन दिया है।

### भारत ने ट्रंप का दावा किया खारिज

ट्रंप से राष्ट्रपति भवन में पत्रकारों ने पूछा कि क्या वह मलेशिया में पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे तो उनका जवाब था-हां, निश्चित रूप से। वह मेरे बहुत ही अच्छे मित्र हैं। लेकिन मैं उनसे नाराज हूं, क्योंकि भारत रूस से तेल खरीद रहा है। इससे रूस जंग जारी रखे हुए है। इसके चलते यूक्रेन और रूस के लाखों लोगों की मौत हुई है। मोदी ने मुझे आज आश्वासन दिया है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है। यह बहुत बड़ी बात है।

अब चीन भी ऐसा ही करेगा। इस क्रम में उन्होंने यह भी कहा कि दो दिन पहले मोदी से उनकी बातचीत हुई है। दूसरी तरफ भारत व अमेरिका की सरकारों की तरफ से दी गई आधिकारिक जानकारी के मुताबिक मोदी और ट्रंप के बीच अंतिम बातचीत नौ अक्टूबर को हुई है। ट्रंप के इस पूरे बयान में जो दावे किए गए हैं, उनमें निरंतरता का अभाव है। जैसे उक्त बयान के कुछ ही देर बाद अन्य प्रश्न के जवाब में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने (भारतीय पीएम) आश्वासन दिया है कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा, लेकिन यह काम धीरे-धीरे होगा।ट्रंप के बयान के कुछ ही घंटे बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने सधी हुई प्रतिक्रिया दी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि मेरी जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी की राष्ट्रपति ट्रंप से कोई बातचीत नहीं हुई है। भारत तेल और गैस का महत्वपूर्ण आयातक है। अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी सतत प्राथमिकता रही है। हमारी आयात नीतियां पूरी तरह से इसी उद्देश्य पर आधारित हैं। भारतीय ऊर्जा नीति के दो लक्ष्य हैं-स्थिर ऊर्जा मूल्य और उनकी सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना। इसमें विभिन्न स्त्रोतों से ऊर्जा की खरीद करना और ऊर्जा स्त्रोतों का विस्तार करना शामिल है। जहां तक अमेरिका का संबंध है, हमने कई वर्षों से उससे ऊर्जा खरीद बढ़ाने का प्रयास किया है। पिछले दशक में इसको लेकर लगातार प्रगति हुई है। वर्तमान प्रशासन भारत के साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाने को तैयार है। हम इस बारे में बातचीत कर रहे हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## गुजरात में भूपेंद्र सरकार के सभी 16 मंत्रियों का इस्तीफा: आज नई कैबिनेट की शपथ; नए चेहरों पर फोकस



गांधीनगर। गुजरात में सीएम भूपेंद्र पटेल कैबिनेट के सभी 16 मंत्रियों ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। कल गांधीनगर में सुबह 11.30 बजे नई कैबिनेट की शपथ होगी। इस फेरबदल को राज्य में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी से जोड़ा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मंत्रिमंडल में नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं, 2 डिप्टी सीएम भी बनाए जा सकते हैं।

गुजरात कैबिनेट में सीएम समेत 17 मंत्री थे, जिसमें 8 कैबिनेट और 8 राज्य मंत्री (एमओएस) थे। अब यह संख्या बढ़कर 22-23 हो सकती है। कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक भी मंत्री बन सकते हैं। गुजरात विधानसभा में 182 विधायक हैं। कुल संख्या के 15 प्रतिशत की अधिकतम सीमा के लिहाज से सीएम समेत कुल 27 मंत्री हो सकते हैं।

### कैबिनेट फेरबदल की वजह 2027 के चुनाव की तैयारी

आलाकमान संतुष्ट नहीं- राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मौजूदा सरकार के ज्यादातर मंत्री भाजपा आलाकमान की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए हैं। इसके अलावा, हाल ही में हुए विसावदर विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कैंपेन के बावजूद भाजपा आप के गोपाल इटालिया को हरा नहीं पाई थी।

सत्ता विरोधी लहरः नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री कार्यकाल के बाद से गुजरात सरकार में लगातार बदलाव हुए हैं। आनंदीबेन पटेल और विजय रूपाणी सरकारों के अचानक इस्तीफे और अब मौजूदा मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सरकार में बदलाव। ये सारे बदलाव तभी हुए हैं, जब गुजरात की जनता में सत्ता विरोधी लहर का असर महसूस होने लगा।

पुराने दिग्गजों को वापस लानाः चर्चा है कि विसावदर सीट के नतीजों ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बस्तर में आज बनेगा नक्सल सरेंडर का इतिहास; 200 से ज्यादा माओवादी कैडर करेंगे आत्मसमर्पण




रायपुर। छत्तीसगढ़ की बीजेपी सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति और निरंतर सशक्त रणनीतिक प्रयासों के तहत बस्तर (दण्डकारण्य क्षेत्र) के लगभग 200 माओवादी कैडर कल सीएम विष्णुदेव के सामने सरेंडर करेंगे। इन 200 माओवादियों में सीनियर हार्डकोर कैडर के नक्सली भी शामिल हैं, जो हिंसा का रास्ता त्यागकर मुख्यधारा में लौटेंगे। इन आत्मसमर्पित माओवादी कैडरों के औपचारिक पुनर्समावेशन समारोह का आयोजन 17 अक्टूबर 2025 को सुबह 11 बजे रिजर्व पुलिस लाइन जगदलपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री साय और गृहमंत्री शर्मा पत्रकार वार्ता लेंगे।

सीएम साय ने कहा कि यह निर्णायक और ऐतिहासिक घटनाक्रम राज्य शासन की उस नीति का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिसमें शांति, संवाद और विकास को केंद्र में रखकर विश्वास और पुनर्वास का वातावरण निर्मित किया गया है। बस्तर की वास्तविक शक्ति उसके लोगों की आत्मनिर्भरता, शिक्षा, आजीविका और सामाजिक सम्मान में निहित है। इन्हीं मूल्यों पर आधारित शासन की नीति ने अब दण्डकारण्य के भीतरी इलाकों तक नई उम्मीद और परिवर्तन का संदेश पहुंचाया है। यह अवसर बस्तर में नक्सल उन्मूलन की दिशा में एक निर्णायक मोड़ का प्रतीक बनेगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## उत्तर बस्तर और अबूझमाड़ हुए नक्सलमुक्त, बस्तर में शांति और विकास का नया युग- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय


पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सल उन्मूलन अभियान ऐतिहासिक सफलता की ओर

रायपुर(दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि उत्तर बस्तर और अबूझमाड़ का नक्सलमुक्त होना यह प्रमाण है कि अब बस्तर भय नहीं, बल्कि विश्वास और विकास की नई पहचान बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत आज नक्सलवाद के अंत की दहलीज़ पर खड़ा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बीते दो दिनों में 258 नक्सलियों का आत्मसमर्पण इस बात का प्रतीक है कि बंदूक नहीं, बल्कि विश्वास की शक्ति जीत रही है। उन्होंने कहा कि बीते 22 महीनों में छत्तीसगढ़ में 477 नक्सली मारे गए, 2110 ने आत्मसमर्पण किया और 1785 गिरफ्तार हुए, यह आँकड़े हमारे राज्य को नक्सलमुक्त बनाने के अडिग संकल्प के साक्षी हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को पूरी तरह नक्सलमुक्त बनाने का लक्ष्य अब बहुत निकट है। यह परिवर्तन राज्य सरकार की 'नक्सलवादी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025' तथा 'नियद नेल्लानार योजना' की सफलता का प्रत्यक्ष परिणाम है। डबल इंजन सरकार की संवेदनशील नीतियों, बस्तर में लगातार स्थापित हो रहे सुरक्षा शिविरों और वनांचलों में शासन के प्रति बढ़ते विश्वास ने इस सकारात्मक परिवर्तन को संभव बनाया है। उन्होंने कहा कि अब तक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 64 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे न केवल सुरक्षा सुदृढ़ हुई है, बल्कि विकास और विश्वास की किरण भी हर गांव तक पहुँची है। मुख्यमंत्री श्री साय ने हमारे वीर सुरक्षाबलों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनके समर्पण से ही आज बस्तर भयमुक्त हुआ है और शांति की राह पर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर नक्सल आतंक से पूर्णतः मुक्त हो चुके हैं, जबकि दक्षिण बस्तर में यह लड़ाई अपने निर्णायक चरण में है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महागठबंधन टूटेगा? सीट शेयरिंग नहीं होने पर पप्पू यादव ने कह दी बड़ी बात



नई दिल्ली। महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर अब तक सहमति नहीं बन सकी है। राजद, कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों के बीच बातचीत जारी है, लेकिन किसी नतीजे पर पहुंचना अभी बाकी है। इस बीच, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने महागठबंधन में सीट बंटवारे पर बड़ा बयान दिया है। पप्पू यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, सब कुछ हो गया है। कांग्रेस ने देश को आज़ादी दिलाई, कोई भी कांग्रेस को किसी भी तरह से गुलाम नहीं बना सकता। हर तरह की आज़ादी में कांग्रेस का रोल है। सब ठीक है, कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं के सम्मान से कोई कॉम्प्रोमाइज़ नहीं करेगी। वहीं, कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने महागठबंधन में सीट बंटवारे पर कहा, सीट शेयरिंग को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है। कभी-कभी सबको अपनी बात रखने में टाइम लगता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, बिना सीट शेयरिंग सिंबल नहीं दिया जा रहा है। सीट शेयरिंग के बाद ही सिंबल दिया जा रहा है। कोई संदेह नहीं है। कई सबको अपनी बात रखने के लिए समय चाहिए होता है बस उतना ही समय लग रहा है।










## मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन को पुष्प गुच्छ भेंटकर जन्मदिन पर दी हार्दिक बधाई



राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने विधानसभा अध्यक्ष के स्वस्थ, सुदीर्घ, खुशहाल एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मछलीपालन, पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, विधायक रायपुर नगर (पश्चिम) राजेश मूणत, महापौर मधुसूदन यादव, जिपं अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिपं उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, खूबचंद पारख, सुमीत उपाध्याय, सुरेश एच लाल, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## पंजाब में सीबीआई ने डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार



पंजाब में रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने गुरुवार को रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। भुल्लर पर आरोप है कि उसने मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी से 5 लाख रुपए रिश्वत मांगी थी। कारोबारी की शिकायत के आधार पर सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए ट्रैप योजना के तहत आरोपी डीआईजी को रंगे हाथ पकड़ लिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्क्रैप कारोबारी को पैसे लेकर डीआईजी ने मोहाली स्थित ऑफिस बुलाया था। यहीं से टीम ने आरोपी डीआईजी को अरेस्ट कर लिया। इस घटना से पुलिसा प्रशासन में हड़कंप मच गया। स्क्रैप कारोबारी ने दी गई शिकायत में पुलिस को बताया कि भुल्लर ने उसके अवैध कार व्यापार को जारी रखने के एवज में उससे हर महीने रिश्वत की डिमांड की थी। पहले डीआईजी ने 2 लाख रुपए की मांग, लेकिन इसके बाद 5 लाख तक बढ़ा दिए।

शिकायत मिलने के बाद आरोपी को पकड़ने के लिए सीबीआई टीम का गठन किया गया। मोहाली के ऑफिस में कारोबारी ने भुल्लर को जब पैसे दिए, तो टीम ने उन्हें तुरंत पकड़ लिया। पूछताछ में DIG ने रिश्वत की बात को स्वीकार कर लिया। डीआईजी पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (PC एक्ट) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कल होगी कोर्ट में पेशी

भुल्लर की गिरफ्तारी के बाद CBI टीम उसके चंडीग? के सेक्टर 40 में स्थित घर पर पहुंची। जहां छापेमारी करके घर की तलाशी की जा रही है। बताया जा रहा है कि भुल्लर को कल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें - डॉ. रमन सिंह



- विधानसभा अध्यक्ष ने प्रयास आवासीय विद्यालय का किया शुभारंभ
- सफल होने के लिए होनी चाहिए जीवटता और ताकत
- स्वामी विवेकानंद के प्रेरक कथन उठो, जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए से किया बच्चों को पढ़ने के लिए उत्साहवर्धन

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज गौरव पथ स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के तहत वर्ष 2010 से प्रयास आवासीय विद्यालयों की स्थापना की शुरूआत हुई थी और आज पूरे छत्तीसगढ़ में प्रयास आवासीय विद्यालयों का विस्तार हो रहा है। प्रयास आवासीय विद्यालयों में स्कूली शिक्षा के साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने कहा और उस लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत करने कहा। विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों को स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध और प्रेरणादायक कथन उठो, जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए, के माध्यम से जीवन का मूल मंत्र दिया और कहा कि, सफलता प्राप्त करने के लिए धैर्य और दृढ़ इच्छाशक्ति होना भी आवश्यक है। रविन्द्र नाथ टैगोर के प्रसिद्ध प्रेरणादायी कथन सागर केवल खड़े होकर देखने से पार नहीं किया जा सकता, सागर में उतरना पड़ता है के माध्यम से बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों को किताबें एवं अन्य सामग्री का वितरण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शिक्षकों द्वारा शिक्षक-प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा, बीजापुर जिले में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के बच्चों ने इंजीनियर, डॉक्टर, प्रोफेसर बनकर तथा विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी है। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा के बाद विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर बना सकते है। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर बनाने के लिए अलग-अलग परीक्षाओं का आयोजन होता है और कॉलेज में जाने के बाद जीवन के चार साल जीवन का कठिन समय होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप बीजापुर, दंतेवाड़ा जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से आए है। आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ का मार्गदर्शन आप सभी को मिलेगा। मैं अभिभावक के तौर पर मार्गदर्शन देते रहूंगा। कठिन परिश्रम और प्रयास से निश्चित रूप से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आप सभी ग्रामीण अंचलों से आए है और आपके अभिभावकों को आपसे बहुत उम्मीदे हैं। सफल होने के लिए जीवटता एवं ताकत होनी चाहिए। कही असफलता मिले, तो इसे चुनौती मानकर स्वीकार करें, जीवन में डर एवं भय नहीं होना चाहिए। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को साझा करते हुए बताया कि डॉ. कलाम पायलेट बनना चाहते थे, लेकिन नहीं बन पाये। बाद में वे एक सफल वैज्ञानिक तथा देश के राष्ट्रपति बने। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने पायलेट के रूप में विमान चलाया। उन्होंने कहा कि हार से डरना नहीं है, इससे बेहतर करें और हिम्मत से जूझे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष को बच्चों ने लक्ष्य एवं सपनों के बारे में बताया। किसी ने एयरो इंजीनियरिंग स्पेशलिस्ट बनने, तो किसी ने डॉक्टर बनने की बात बताई। विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# छत्तीसगढ़ के समग्र विकास में डॉ. रमन का महत्वपूर्ण योगदान - सीएम विष्णुदेव साय





राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर स्टेट हाई स्कूल प्रांगण में युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित कैलाश खेर राग नांदगांव कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने देर रात्रि तक देश के प्रख्यात बॉलीवुड सिंगर पद्मश्री कैलाश खेर के सुमधुर गीतों का आनंद लिया। भारतीय लोक संगीत एवं सूफी गायन की अलहदा शैली से पद्मश्री कैलाश खेर ने महफिल में समां बांध दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को प्रदेश की तीन करोड़ जनता की ओर से जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का यह क्षण गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक है। आज हम प्रदेश की संस्कारधानी राजनांदगांव की इस पवित्र भूमि में हम सब के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ के तीन बारे के मुख्यमंत्री रहे, केन्द्रीय मंत्री रहे, वर्तमान में विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन मनाने के लिए प्रदेश भर से यहां पहुंचे है।

उन्होंने कहा कि प्रभु से प्रार्थना है कि डॉ. रमन सिंह स्वस्थ एवं दीर्घायु रहे और आगे भी इसी तरह से देश एवं प्रदेश व जनसेवा करते रहे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के समय यहां ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्यान्न की कमी को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिनियम के माध्यम से जनसामान्य को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चावल का वितरण किया। जिसके कारण वे चाऊर वाले बाबा के नाम से देश में विख्यात हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए अधोसंरचना शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, विद्युत सहित अन्य सुविधा पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य किया। उनके मुख्यमंत्री के कार्यकाल में सरगुजा, बस्तर जैसे जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में विकास के लिए विशेष तौर पर कार्य किया। उन्होंने जशपुर एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण का गठन किया तथा अभी वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष के रूप में प्रदेश का नेतृत्व कर रहे है।

**0 प्रख्यात गायक पद्मश्री कैलाश खेर के सुमधुर गीतों से सजी शाम**
**0 मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष ने कैलाश खेर राग नांदगांव कार्यक्रम में शिरकत की**

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव के नागरिकों ने मुझे विधायक सांसद, केन्द्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष बनने का अवसर दिया है। राजनांदगांव की जनता के प्रेम, आशीर्वाद, विश्वास, सम्मान के कारण मैं ऐसे महत्वपूर्ण पदों पर पहुंच सका हूं। उन्होंने बताया कि मेरा जन्म कबीरधाम जिले के रामपुर में हुआ है, लेकिन राजनीतिक दृष्टिकोण से मेरा दूसरा पुर्नजन्म राजनांदगांव में हुआ। इसके लिए उन्होंने राजनांदगांव की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया।

राजनांदगांव के नागरिक शांति और प्रेम के साथ मिलकर रहते है। राजनांदगांव की जनता के कारण देश में मेरी अलग पहचान बनी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव संस्कारधानी है, राजनांदगांव मेरा अभिमान, स्वाभिमान है। राजनांदगांव कभी धरती तो आसमान है। राजनांदगांव मेरी इज्जत, साहस, सम्मान है और मेरी ताकत, मेरी पूंजी, मेरी पहचान है राजनांदगांव। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राजनांदगांव में जो आता है, वो यही का हो जाता है। राजनांदगांव संस्कारधानी नगरी है राजनांदगांव में जो प्रभाव है बाबा बर्फानी का संसार है, शीतला माता का दरबार है, गुरूद्वारे के संस्कार हैं। पार्रीनाला के मजार का आशीर्वाद है। यहां उदयाचल भी है और अभिलाषा, आस्था और समता भी है। यहां की पोहा-जलेबी और आलुगुंडा नहीं खाऐ तो राजनांदगांव अधूरा रहेगा। यहां की रबड़ी, कचौरी, मुंगोड़ी, चाय, पान का जायका लिए बिना राजनांदगांव अधूरा है।

कैलाश खेर राग नांदगांव कार्यक्रम में देश के प्रख्यात बॉलीवुड सिंगर पद्मश्री कैलाश खेर ने सांझ भई.., तू जाने ना..., पग पखारे..., डोलना... गीतों ने श्रोताओं को मुग्ध किया। इस अवसर पर आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मछलीपालन, पशुधन विकास मंत्री राम विचार नेताम, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, विधायक जगदलपुर किरण देव, विधायक रायपुर नगर (पश्चिम) राजेश मूणत, विधायक भरतपुर-सोनहट श्रीमती रेणुका सिंह सरूता, विधायक धरसींवा अनुज शर्मा, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, छ.ग. पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिपं अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिपं उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, प्रदीप गांधी, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, दिनेश गांधी, भरत वर्मा, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, खूबचंद पारख, आयोजनकर्त्ता युथ वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष भावेश बैद, सुमीत उपाध्याय, सुरेश एच. लाल, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, एसपी मोहित गर्ग, डीएफओ आयुष जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### डॉ. रमन सिंह के जन्मदिवस पर लखोली में चला सफाई अभियान




राजनांदगांव(दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्मदिवस पर लखोली वार्ड नंबर 32 के भाजपा कार्यकर्ताओं ने वार्डवासियों के साथ मिलकर साफ सफाई की और लोगों को स्वच्छता संदेश दिया। तालाब के पचरी की सफाई करते हुए पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर ने कहा कि वार्ड को स्वच्छ रखना केवल सरकार या निगम का कार्य नहीं है बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इस दौरान नागरिकों को यह भी संकल्प कराया गया कि वे अपने घर मोहल्ले और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करेंगे। स्वच्छता अभियान में पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर, उर्दू अकादमी बोर्ड के पूर्व चेयरमैन अकरम कुरैशी, महिला मोर्चा दक्षिण मंडल अध्यक्ष मिथिलेश्वरी वैष्णव, विनोद कश्यप, छन्नू साहू, दीपक रजक, राजेन्द्र यादव, पुष्पा रजक, नीरु यादव, संगीता रजक, विमला साहू, नरेंद्र यादव आदि शामिल रहे।


### राजेश श्यामकर ने मधुमक्खियों के हमले से घायलो से मिलने पहुंचे अस्पताल



**अधीक्षक डॉ.अतुल देशकर व डॉ.खुंटे से की बात**

उपरवाह (दावा)। ग्राम बघेरा निवासी किशन साहू व उसकी पुत्री दीपिका साहू खेत मे काम कर रहे थे। तभी अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। जिसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेण्ड्री मे भर्ती किया गया। परिजनों ने इसकी जानकारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर को दी। उन्होंने तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेण्ड्री पहुंचकर घायलों से मिलकर हालचाल व घटना की जानकारी ली। साथ हीं अस्पताल अधीक्षक डॉ.अतुल देशकर व डॉ. प्रकाश खुटे से मिलकर घायलों के उपचार की जानकारी ली। साथ में भाजपा नेता योगेश खत्री, तिलेश्वर सिन्हा सहित अस्पताल स्टॉफ व परिजन उपस्थित थे।

### चाकू दिखाकर लोगों को डरा रहा आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में धारदार चाकू लेकर लोगों को डरा-धमका रहे आरोपी को धर दबोचा है। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आरोपी के पास से एक नग धारदार चाकू बरामद कर उन्हें आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि चौखड़िया पारा निवासी आरोपी विकास यदु पिता शिव कुमार यदु उम्र 40 साल जो कि हाथ में धारदार चाकू लेकर लोगों को भयभीत कर रहा था। सूचना मिलने पर उसे मौके पर जाकर धर दबोचा गया। इस कड़ी में उनके नेतृत्व गुरुवार को विकास यदु पिता शिवकुमार यदु निवासी चौखड़ियापारा का गौरव पथ रोड में अपने हाथ में चाकू लेकर आने जाने वाले आम नागरिकों को डरा धमका रहा है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी विकास यदु के कब्जे से एक नग धारदार चाकू जप्त कर धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही कर आरोपी को जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।




## दिव्यांगजन के दैनिक जीवन को सरल बनाने के लिए सहायक उपकरण होंगे उपयोगी- डॉ. रमन सिंह



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्म दिवस पर स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में जिला प्रशासन एवं समेकित क्षेत्रीय केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने सभी को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा के तहत जिला एवं विकासखंड स्तर पर 514 से ज्यादा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण किया गया और शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने दिव्यांगजनों को 143 सहायक उपकरणों का वितरण किया। इसके तहत दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राईसायकल, ट्राईसायकल, बैसाखी, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, स्वेज थ्रेडी, एमआर किट, सपोर्ट बैड सहित अन्य उपकरणों का वितरण किया। इसके साथ ही 20 विधवा महिलाओं को राष्ट्रीय सुरक्षा योजना के तहत 20-20 हजार रूपए की सहायता प्रदान की गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि जिले में दिव्यांगजनों के कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ का एकमात्र समग्र क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के जीवन को सरल बनाने के लिए सहायक उपकरण का वितरण किया गया है। जिसका दिव्यांगजन दैनिक जीवन में उपयोग जरूर करें। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को सभी जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों एवं नागरिकों का आशीर्वाद हमेशा मिलता रहेगा।

**विधानसभा अध्यक्ष ने दिव्यांगजनों को 143 सहायक उपकरण का किया वितरण**

कार्यक्रम को पद्मश्री पुखराज बाफना ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, सौरभ कोठारी, भावेश बैद, श्रीमती रेखा मेश्राम, सुमीत उपाध्याय, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार, निदेशक सीआरसी श्रीमती स्मीता महोबिया, अभिलाषा, उद्याचल, आस्था के सभी पदाधिकारीगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, दिव्यांगजन उपस्थित थे।

## आज वोकल फॉर लोकल अभियान से जुड़ेंगे शहर के व्यापारी

राजनांदगांव (दावा)। स्वदेशी जागरण मंच, कैट (कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) परिवार और पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत शुक्रवार 17 अक्टूबर को शाम 5 बजे विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह आयोजन महाकाल चौक स्थित रोज़ कार्नर के सामने किया जाएगा।

### स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने की पहल

कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों और व्यापारियों को बढ़ावा देना तथा नागरिकों में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के प्रति जागरूकता लाना है। आयोजकों ने बताया कि दीपावली पर्व से पहले यह अभियान 'देशी अपनाओ, देश बचाओ' के संदेश के साथ लोगों को स्थानीय बाजार से खरीदारी के लिए प्रेरित करेगा। स्वदेशी जागरण मंच, पत्रिका और कैट परिवार के प्रतिनिधियों ने कहा कि इस पहल के माध्यम से विदेशी उत्पादों पर निर्भरता घटाकर स्थानीय उद्योगों को सशक्त करने की दिशा में ठोस संदेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वदेशी विचारधारा ही आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त करती है और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान सफल होगा।

### स्वदेशी गौरव से जुड़ा सामाजिक आंदोलन

वोकल फॉर लोकल केवल आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक आंदोलन भी है, जो रोजगार सृजन, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी गौरव से सीधे जुड़ा हुआ है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस अभियान में शामिल होकर स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें।

### पत्रकारों का होगा सम्मान

राज्य एवं संभाग स्तरीय अधिमान्यता समिति में नगर के वरिष्ठ पत्रकार सूरज बुद्धदेव, अशोक पांडे और शशांक तिवारी का नाम शामिल किए जाने पर उन्हें इसी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी कैट के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक नाम मिलन आ. फेरूराम जाति कंवर हैं, जो कि मेरे भू- राजस्व रिकार्ड में दर्ज हैं। केवल मेरे आधार कार्ड में भूलवश नाम मीलु राम चन्द्रवंशी आ. फेरूराम दर्ज हैं, जो त्रुटिपूर्ण है। उक्त आधार कार्ड से मेरा नाम मीलु राम चन्द्रवंशी आ. फेरूराम को विलोपित कर सही नाम मिलन आ. फेरूराम जाति कंवर समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावें। नाम परिवर्तन सूचना छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत हैं।

सूचना जानें...

शपथकर्त्ता
**मिलन आ. फेरूराम**
जाति- कंवर
ग्राम- गोपालपुर, तह.- छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक नाम बहरू नेताम आ. परस नेताम हैं, जो कि मेरे भू-राजस्व रिकार्ड में दर्ज हैं। केवल मेरे आधार कार्ड में भूलवश नाम घुरऊ राम आ. परस नेताम दर्ज हो गया हैं, जो त्रुटिपूर्ण है। उक्त आधार कार्ड से मेरा नाम घुरऊ राम आ. परस नेताम को विलोपित कर सही नाम बहरू नेताम आ. परस नेताम समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावें। नाम परिवर्तन सूचना छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत हैं।

सूचना जानें...

शपथकर्त्ता
**बहरू नेताम**
आ. परस नेताम
ग्राम- गोपालपुर, तह.- छुरिया
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव
रा.प्र.क. 202510095300004-ब/ 121 वर्ष 2024 25

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुमार वर्मा पिता छक्कन जाति लोधी निवासी ग्राम गातापारखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम गातापारखुर्द पटवारी हल्का नं. 08 रा.नि.मं. मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नं. 155/1, 155/3, 224/1, 224/4, 257, 368, 473/2, 481/2, 490 रकबा 0. 049, 0.291, 0.328, 0.324, 0.263, 0.081, 0.518, 0.778, 0.101 हेक्टेयर भूमि कुल खसरा 09 कुल रकबा 2.733 हेक्टेयर भूमि आवेदक के शामिलात नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चालान की मूल प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 17.10.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार, डोंगरगढ़
जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

## युगांतर के द्वारा कला का सम्मान करना सराहनीय -डॉ. लवली शर्मा



राजनांदगाँव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय राज्य स्तरीय संगीत और नृत्य की अन्तर्विद्यालयीन प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन का समापन डॉ लवली शर्मा वाइस चांसलर इंदिराकला और संगीत विश्वविद्यालय के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर डॉ. लवली शर्मा ने कहा कि युगांतर के द्वारा कला को सम्मानित करने का प्रयास सराहनीय है। युगांतर कला संगम जैसे बृहद आयोजन के जरिए बहुमुखी प्रतिभा को एक साथ एक मंच में लाने की कोशिश काबिले तारीफ है। युगांतर प्रबंधन कला की कितनी समझ रखता है, वह इस बात का परिचायक है कि वह अपने संगीत और नृत्य के प्रतिभावान शिक्षक-शिक्षिकाओं का सदा आदर-सम्मान करता है। कला की उचित समझ रखने वालों की जिंदगी बदल जाती है। उन्होंने इस भव्य और बृहद आयोजन के लिए प्रबंधन और प्राचार्य सहित संगीत और नृत्य विभाग को बधाई दी।

**युगांतर में राज्य स्तरीय संगीत और नृत्य प्रतिस्पर्धा का शानदार समापन**

इस दो दिवसीय भव्य आयोजन में राज्य भर की 25 स्कूलों के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने अपने प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ भाग लिया और विविध वर्गों में अपनी संगीत और नृत्य कला का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इनमें शिव शक्ति स्कूल बिलासपुर, नारायणा स्कूल दुर्ग, केपीएस नेहरू नगर भिलाई, शकुन्तला विद्यालय भिलाई, जेएलएम गायत्री, संस्कार सिटी इन्टरनेशनल स्कूल, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल, अजीज पब्लिक स्कूल, नीरज पब्लिक स्कूल सहित अन्य स्कूल भी शामिल रहे। जब सुर, ताल, पदचाप की युति हुई, तब सारा विद्यालय परिसर विशाल महोत्सव के रंग में रंग गया। जहाँ विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य 'लकड़ी की काठी, काठी में घोड़ा' में बच्चों की सुंदर बाल-लीला के दर्शन कराए, वही उन्होंने सामूहिक नृत्य 'छत्तीसगढ़ महतारी' में राज्य की मनमोहक सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत कर खूब वाह-वाही बटोरी। आयोजन में कथक और भरतनाट्यम जैसे क्लासिकल नृत्य की प्रस्तुतियों ने चार चाँद लगा दिए। प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने के लिए विवश कर दिया। इसी तरह और भी मनमोहन प्रस्तुतियाँ हुई, जिसने दर्शकों की खूब वाह-वाही बटोरी।

समापन समारोह की शुरूआत संगीत शिक्षक टी विशाल के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि संगीत और नृत्य विभाग का यह आयोजन राज्य भर की स्कूलों के भाग लेने से उत्साहजनक बन गया है। इसी तरह के विचार रखते हुए विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि युगांतर के इस आयोजन में इंदिरा संगीत और नृत्य विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ लवली शर्मा का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना ही हमें उमंगित करता है। इस विश्वविद्यालय ने देश को बड़ी बड़ी प्रतिभाएं दी है। युगांतर भी इस आयोजन के जरिए उसी परंपरा को आगे बढ़ाने का छोटा-सा प्रयास कर रहा है। उन्होंने मुख्य अतिथि डॉ लवली शर्मा और प्रतियोगिता में शामिल सभी स्कूलों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्य अतिथि के कर-कमलों, सभी स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। यही नहीं प्रतियोगिता में प्रभावी प्रस्तुति देने वाले विद्यालय को युगांतर कला रत्न एवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक पीटी उल्लास कुमार (भिलाई), सपन भट्टाचार्य (भिलाई), डॉ गुंजन तिवारी (इंदिरा संगीत और नृत्य विश्वविद्यालय खैरागढ़), डॉ.मंजरी बख्शी (इंदिरा संगीत और नृत्य विश्वविद्यालय खैरागढ़) रहे। ये चारों निर्णायकों ने अपने कला क्षेत्र में विशिष्ट मुकाम हासिल किया है। मुख्य अतिथि के सम्मान में युगांतर आर्केस्ट्रा बैंड और कथक में पारंगत युगांतर की छात्रा प्रसिद्धि सिन्हा की प्रभावी प्रस्तुति हुई, जिसे मुख्य अतिथि लवली शर्मा ने काफी सराहा। समारोह में विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, प्राचार्य मधुसूदन नायर, हैड मिस्ट्रेस विनिता तिलवानी, बड़ी संख्या में प्रतिभागी छात्र-छात्राएँ और प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। समारोह के अंत संगीत शिक्षिका ने लवली पाल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, विद्यालय के प्राचार्य और प्रबंधन का आभार माना। समारोह का संचालन दीपांक्षा शर्मा और तनुश्री मुखर्जी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में आकांक्षा चतुर्वेदी, अमिषा सोनी, अभिलाषा सिंह, वरिष्ठ रिदम शिक्षक गोपी प्रसाद पटेल, अक्षय केहरी, स्टूडेंट कौन्सिल के पदाधिकारियों ने अमूल्य योगदान दिया।

## राज मार्केटिंग में दीपावली धमाका सेल पाएं जबरदस्त ऑफर और कैशबैक



राजनांदगांव (दावा)। इस दीपावली पर राज मार्केटिंग लेकर आया है शानदार ऑफर्स और धमाकेदार छूट अब घर की हर ज़रूरत पूरी होगी बेहतरीन दामों में साथ ही मिल रहा है। अप टू 20प्रतिशत तक का कैशबैक और कई आकर्षक उपहार बिल्कुल फ्री। राज मार्केटिंग के संचालक ताज भाई ने बताया कि प्रमुख ऑफर्स इस प्रकार से है- एल.ई.डी टी.वी. खरीदें और पाएं 10,000 रूपये तक का ब्रांडेड होम थियेटर फ्री, सभी प्रोडक्ट्स पर इंस्टॉलेशन फ्री, पुराने एलईडी/एलसीडी एक्सचेंज पर 5000 रूपये तक का लाभ, डबल डोर रेफ्रिजरेटर अब सिर्फ 19,000 में, ब्रांडेड 1.5 टन इन्वर्टर ए.सी. मात्र 27,900 रूपये में, सेमी ऑटोमेटिक वाशिंग मशीन सिर्फ 6,990 रूपये में, ईएमआई मात्र 1117 रूपये से शुरू, फाइनेंस पार्टनर बजाज फायनेंस/एचबीडी/आईडीएफ सी फर्स्ट बैंक, अतिरिक्त लाभ सभी ग्राहकों के लिए दीपावली के आकर्षक उपहार सभी उत्पादों पर आसान ईएमआई सुविधा भरोसेमंद ब्रांड्सः हायर, एलजी, सैमसंग, पेनासोनिक, व्हर्लपूल, जेब्रोनिक्स। पताः जूनी लाइन राजनांदगांव (छ.ग.) संपर्क करें: 7869620580, 79300120580।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैंने अपने पुत्र का पुराना नाम जामेश्वर यादव (GHAMESHWAR YADAV) पिता खुमान यादव हैं, को परिवर्तित कर नया नाम झामेश्वर यादव (JHAMESHWAR YADAV) पिता खुमान यादव रख लिया है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र को नये नाम झामेश्वर यादव (JHAMESHWAR YADAV) से जाना- पहचाना, पुकारा व समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में दर्ज किया जावें। उक्त नाम परिवर्तन सूचना छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है। सूचना जानें।

शपथकर्त्ती
**केकती यादव**
पिता खुमान यादव,
ग्राम व पो. घुमका, तह. घुमका
जिला राजनांदगांव (छ. ग.)

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
2-6-9
139-3 128-1
राजधानी
3-7-0
500-5 266-4

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# शहर को साफ-सुथरा रखने में स्वच्छता दीदीयों की महत्वपूर्ण भूमिका - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह







राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में नगर निगम के स्वच्छता दीदी सम्मान समारोह में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पालन घर के लिए कार्यकर्ता एवं सहायिका को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने नगर से सभी स्वच्छता दीदीयों का सम्मान किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा रखने में स्वच्छता दीदीयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राजनांदगांव शहर को स्वच्छ बनाने में सुबह से लेकर शाम तक कार्य करती है

**महापौर मधुसूदन यादव के ऐतिहासिक स्वागत से डॉ. रमन हुए अभिभूत हुए**

ऐसी स्वच्छता दीदीयों का सम्मान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माता लक्ष्मी वहीं आती है जहां स्वच्छता का वास होता है। उन्होंने कहा कि नगर की संपन्नता को आगे बढ़ाने के लिए स्वच्छता दीदी कार्य करती है। स्वस्थ राजनांदगांव और संपन्न राजनांदगांव को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि आज स्पीकर हाउस में दिव्यांगजनों को 500 से अधिक सहायक उपकरण का वितरण किया गया। शासन की योजना के अनुसार छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय शुरू किया गया।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान शुरू किया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 450 दीदीयां कार्य कर रही है और उन्हें रोजगार का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने स्वच्छता दीदीयों के मानदेय में एक हजार रूपए की वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि 4 माह के प्रयास से स्वच्छता के क्षेत्र में जिले को देश में 14वां स्थान मिला है। इसके लिए सभी स्वच्छता दीदीयों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने संकल्प लेते हुए कहा कि आने वाले वर्ष में टॉप 5 में लाने का प्रयास किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से बना अशियाना



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के माध्यम से राजनांदगांव शहर में कुल 7956 आवासों की स्वीकृति बी.एल.सी. (हितग्राही द्वारा स्वयं से आवास निर्माण) के तहत शासन से प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति के विरूद्ध महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वमकर्मा के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न वार्डो में 7740 आवासों का निर्माण पूर्ण हो गया है तथा 216 आवास विभिन्न स्तरों पर निर्माणाधीन है।

**मजदूर अश्वनी विश्वकर्मा का परिवार स्वयं के आवास में मनायेगे दिवाली**

आवास योजना का लाभ लेकर स्वयं के आवास में रहने वाले शहर के वार्ड क्र. 34 कन्हारपुरी रहवासी रोजी मजदूरी करने वाले अश्वनी विश्वकर्मा पिता स्व. आनंद विश्वकर्मा की कहानी है। शहर के ग्रामीण वार्ड 34 में एक मिट्टी के कच्चे घर में रहकर अपना जीवन यापन करने वाले विश्वकर्मा परिवार अपनी आप-बीती बताते हैं कि, बारिश का मौसम सभी के लिए फुंवारों में मौज करने का समय होता है, पर बारिश हमारे परिवार के लिए सदा एक मुसीबत का कारण बनकर आती थी। कच्चा घर जिसकी चारों दीवारों मिट्टी की बनी थी, हर बार घर के पीछे पानी एकत्रित होने से पीछे की दीवार गिर जाती थी, बारिश में एक तो निर्माण कार्य नहीं होने से मजदूरी का कार्य नहीं चलता था, तंगहाली रहती थी, दूसरा हर वर्ष बारिश में यह नुकसान हमारे जीवन को जीना दू-भर कर रखा था।

आज अश्वनी विश्वकर्मा अपने परिवार के साथ इस नवनिर्मित सुंदर टाइल्स लगे घर में रहते हुए कहते है, कि हमने थोड़े-थोड़े अपने खर्चो से कुछ पैसे बचाएं थे, इतने पैसों में नया घर नहीं बन सकता था, पर प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नगर निगम द्वारा जब हमें सहयोग मिला तो इसके सहयोग से पूरे घर में टाइल्स, व्यवस्थित किचन, रंग संयोजन आदि कराकर सुविधायुक्त आवास बना उसमें निवास कर रहे हैं, बच्चों के अध्ययन करने के लिए अलग से कमरे बनाए हैं, अब इसमें उनके भविष्य को सवारनें में बाधा नही होगी। अश्वनी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस बार की दीवाली त्योहार अपने नये पक्के मकान में मनाएगे। अश्वनी एवं उनके परिवार सुखद जीवन व्यतीत कर राज्य एवं केंद्र शासन को कोटि-कोटि धन्यवाद देते हैं।

# डॉ. पुखराज बाफना होंगे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समीक्षक



राजनांदगांव (दावा)। पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना को आगामी 7 और 8 मई 2026 को मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल पीडियाट्रिक कॉन्फ्रेंस के पीडियाट्रिक समिट के रिव्यूअर (समीक्षक) के रूप में मनोनीत किया गया है। इस सम्मेलन में प्रस्तुत किए जाने वाले सभी शोध पत्रों की समीक्षा डॉ. बाफना द्वारा की जाएगी और उनकी संस्तुति के बाद ही किसी शोध पत्र को पठन के लिए स्वीकार किया जा सकेगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानजनक भूमिका डॉ. बाफना को यह जिम्मेदारी उनकी विशेषज्ञता और बाल स्वास्थ्य क्षेत्र में लंबे अनुभव को देखते हुए सौंपी गई है। यह उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे राजनांदगांव और प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

**कुआलालंपुर में 7-8 मई 2026 को होगा आयोजन**

**पिछले वर्ष दुबई सम्मेलन में मुख्य वक्ता रहे**

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष दुबई में आयोजित इसी वैश्विक सम्मेलन में डॉ. बाफना ने 'स्पिरिचुअलिटी इन एडोलसेंट्स' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान प्रस्तुत किया था, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई थी। इस संबंध में जानकारी कॉन्फ्रेंस मैनेजर डॉ. फ्रेया विल्सन ने दी है। राजनांदगांव के वरिष्ठ बालरोग विशेषज्ञ डॉ. बाफना का यह चयन न केवल चिकित्सा क्षेत्र की उपलब्धि है, बल्कि यह युवाओं के लिए प्रेरणा का संदेश भी देता है कि निरंतर ज्ञान, सेवा और शोध से अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक पहुँचना संभव है।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से जिले को ऊर्जा के क्षेत्र में बनाए सशक्त - कलेक्टर जितेन्द्र यादव




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के मद्देनजर बैंकर्स, वेंडर्स एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनमानस को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करें तथा उनकी आवश्यकता एवं क्षमता के अनुरूप बैंकर्स ऋण प्रदान करें। हितग्राहियों को ऋण लेने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इस योजना के अंतर्गत आवेदन की प्रक्रिया को सरल करते हुए अधिक से अधिक जनमानस को इस योजना से लाभान्वित करने के लिए बैंकर्स को आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी वेंडर्स से कहा कि उपभोक्ताओं को सुविधाएं प्रदान करने के लिए यथाशीघ्र सोलर प्लांट लगाएं। इसमें विलंब नहीं होना चाहिए। सभी वेंडर्स ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करें। इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि राजनांदगांव को ऊर्जा के क्षेत्र में सशक्त बनाएं। शहरी कालोनी में रूफटाप सोलर प्लांट लगाने के लिए जनमानस को प्रोत्साहित करें। ग्रुप हाऊसिंग सोसायटी के लिए भी अनुदान का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन के लिए आने वाले सप्ताह में विद्युत विभाग के जेई स्तर की बैठक ली जाएगी।

**जनमानस को योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने करें प्रोत्साहित**

कलेक्टर जितेन्द्र यादव कहा कि छत पर प्लांट की स्थापना के बाद वचुअल नेट मीटर स्थापित होने से उपभोक्ताओं को सोलर प्लांट के माध्यम से उत्पादन होने वाले विद्युत की सही जानकारी प्राप्त होगी। इसके साथ ही बिजली बिल में कमी एवं बिजली की बचत की सटीक जानकारी मिलेगी। उन्होंने बैंकर्स से कहा कि हितग्राहियों को समय पर सब्सिडी मिल जानी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि ईएमआई को ध्यान में रखते हुए रियायती ब्याज दर पर उपभोक्ताओं को ऋण प्रदान करें। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से जनमानस को लाभान्वित करने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनमानस एक किलोवाट, दो किलोवाट एवं तीन किलोवाट तक रूफटाप सोलर प्लांट लगा सकते है। शासन की ओर से एक किलोवाट में 45 हजार रूपए, दो किलोवाट में 90 हजार रूपए तथा तीन किलोवाट में 1 लाख 8 हजार रूपए का अनुदान मिलेगा। अतिरिक्त बिजली का उत्पादन तथा उसकी बिक्री से उपभोक्ताओं को अतिरिक्त लाभ होगा। सीएसपीडीसीएल के ग्रिड में संरक्षित कर आगामी माह के उपयोग हेतु उपलब्ध रहेगी। जिसका फायदा लाभार्थी घरेलू उपभोक्ता को निरंतर प्राप्त होता रहेगा। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित मुकेश साहू सहित बैंकर्स, वेंडर्स उपस्थित रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में जिम का किया लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में जिम की फ्लोरिंग एवं जीर्णोद्धार कार्य व सामग्री का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, खूबचंद पारख, भावेश बैद, श्रीमती रेखा मेश्राम, सुमीत उपाध्याय, फिरोज अंसारी, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व अधिकारियों की ली बैठक




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने राजस्व प्रकरणों की अनुविभागवार गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अविवादित खाता विभाजन, अविवादित नामांतरण सहित अन्य राजस्व प्रकरण का निर्धारित समय में समाधान करें। सभी राजस्व अधिकारी कार्यालय में समय पर उपस्थित रहेंगे और जनसामान्य के साथ संवेदनशीलतापूर्वक अच्छा व्यवहार करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने सीमांकन, नामांतरण, डायवर्सन, वृक्ष कटाई आवेदन, एग्रीस्टेक पोर्टल पंजीयन, डिजिटल हस्ताक्षर, ई-कोर्ट, अविवादित खाता विभाजन, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव गौतम चंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

# शहर साफ नहीं कर पा रही निगम की भाजपा सरकार- बबलू सोनी



राजनांदगांव (दावा)। शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी (भाई राजा) ने नगर निगम की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नगर निगम की लापरवाही के कारण शहर में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है और सड़कों पर पड़ी मवेशियों एवं कुत्तों की लाशें दुर्गंध फैला रही हैं, जिससे आम जनता का जीना मुहाल हो गया है। श्री सोनी ने निगम आयुक्त और महापौर पर निशाना साधते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था की किसी को चिंता नहीं है। आयुक्त और महापौर दोनों ही शहर की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल रोड, रानी सागर, पुष्प वाटिका क्षेत्र और सर्किट हाउस रोड जैसी प्रमुख सड़कों पर कई दिनों से मवेशियों की सड़ी-गली लाशें पड़ी हुई हैं। स्थिति यह है कि कुत्ते उन लाशों को नोचते हुए देखे जा रहे हैं जबकि आसपास से गुजरने वाले लोगों को नाक पर रुमाल रखकर चलना पड़ता है। आम आदमी पार्टी नेता ने कहा कि निगम प्रशासन पूरी तरह से असंवेदनशील हो गया है। शहर हाल ही में कोरोना महामारी से उबरा है लेकिन सफाई व्यवस्था की अर्थी फिर से निकलने लगी है।

**0 आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी का आरोप**
**0 मवेशियों की लाशों का नियोजन नहीं होने से आयुक्त महापौर पर बिफरे**

राजेंद्र सोनी ने आरोप लगाया कि एक ओर निगम प्रशासन मुहल्लों में मुक्कड़ कचरा संग्रहण केंद्र कम होने की बात करता है, जबकि दूसरी ओर नए-नए मुक्कड़ तैयार कर रहा है। यह साफ तौर पर विरोधाभासी स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नगर निगम प्रशासन ने जल्द सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया और मवेशियों की लाशों का उचित निपटान नहीं किया, तो आम आदमी पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# पेंशनर एसो. ने केंद्रीय के सामान महंगाई भत्ता देने की मांग को लेकर निकाली मशाल रैली



राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजीयन क्रमांक 1844 के द्वारा 15 अक्टूबर को अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर मशाल जुलूस निकाला। मशाल जुलूस पेंशनर्स भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर से प्रारंभ कर जिला कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में शासन से मांग की गई है, कि 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता तत्काल दीपावली के पूर्व घोषणा करें।

मशाल जुलूस का आयोजन जिला अध्यक्ष इंजीनियर जी.आर. देवांगन के आह्वान पर एवं डी.एन.साहू, डॉ.के.एल. टांडेकर, के.पी. सिंह, राजेश कुमार रथी के मार्गदर्शन में पेंशनर्स साथी सर्व गेंदराम देवांगन, अरुण राय, डी.डी.पांडे, लाल मुनाई सिंह, मानसिंह ठाकुर, एस.पी.टेंभरे, जी.डी. वैष्णव, डी.एल. चंद्रवंशी, एम.आर. कुंजाम, पी.आर.चंद्रवंशी, आर.पी. लांजकर, जी.एल.सोनबोईर, पी.एम.साहू, हमीरचंद साहू, बीरबल सिंह ठाकुर, एस.डी.साव, एम.एल.हुमने, एम.एल. मोंगरे, गणेशराम साहू, जयलाल साहू, टी.आर. साहू, चिंताराम साहू, मोतीलाल साहू, बाबूलाल कोसमा, जंगलूराम साहू, माखनसिंह जंघेल, आर.एस.झा, शिवकुमार वैष्णव, कन्हैयालाल मंडावी, महेश्वरप्रसाद साहू, रिखीराम साहू, मोतीराम धनकर, गजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, मंगलराम देवांगन, जे.आर.मंडलोई, बलीराम सिंहा, के.आर.बंजारे, टी.एन.पांडे, राजकुमार नेताम, एल.एल.तारम, तारेंद्र दास साहू, नोहरराम साहू, एस.पी.तिवारी, के.के.ओझा, विजय नारायण, मनीराम यादव, बैजनाथ तिवारी, मनहरण लाल देवांगन आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

जिला अध्यक्ष श्री देवांगन एवं महामंत्री मौलिक द्वारा एसोसिएशन की ओर से शासन से निवेदन किया है कि दीपावली के पूर्व नियमित कर्मचारियों के समतुल्य 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता पेंशनर्स को बढ़ाने हेतु शीघ्र आदेश प्रसारित करने की कृपा करें। मशाल यात्रा में शहर सहित पूरे जिले भर के एसोसिएशन के लोग उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी महामंत्री मानसिंह मौलिक ने दी।

# शहर की यातायात व्यवस्था फिर हुई धरासायी, धरे रह गए पुलिसिया इंतजाम



राजनांदगांव (दावा)। त्यौहारी सीजन शुरू होने के पूर्व यातायात विभाग द्वारा शहर की ट्रेफिक व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए विभिन्न तरह के कवायद किए गए। दिवाली में यातायात के लिए शहर में रुट का निर्धारण किया गया,लेकिन ट्रैफिक विभाग का यह रुट निर्धारित सिर्फ कागजी हो कर रह गया। त्योहारी सीजन में बड़ी वाहनें शहर में बिना किसी रोक टोक के घुस रही है। धड़ल्ले से चार पहिया वाहन शहर अंदर प्रवेश पा रहा है इससे व्यस्ततम जगहों में जाम की स्थिति निर्मित हो जा रही है। गुरुवार की सुबह 11 बजे व शाम को 5 बजे भारत माता चौक से लेकर गंज लाइन व सदर बाजार रोड सहित हलवाई लाइन में लंबा जाम लग गया। भारत माता चौक में मानो यह स्थिति युद्ध के मैदान में सैनिक एक दूसरे पर वार करने डटे हुए हो ऐसी हो गई। चौक पर आ भिड़े दो पहिया चार पहिया वाहन वाले एक दूसरे निकलने के लिए थोड़ी सी भी जगह देने तैयार नहीं थे। जाम में फंसे इन वाहनों के बीच से पैदल चलने वाले लोग कैसे भी कर अपना रास्ता निकाल रहे थे। लगभग 15 मिनट तक चौक में भीड़ का नजारा बना रहा और लोग तिपहिया-चारपहिया और बड़ी गाड़ियों की सैलाब बीच लोग फंसकर छटपटाते रहे, पर मजाल है कि कोई ट्रैफिक सिपाही दूर- दूर तक नजर आए, और जंबो जाम में फंसे लोगो को छुटकारा दिलाए। बड़े मुश्किल से लोगों ने ही अपना रास्ता खुद ही बनाते हुए जान बची लाखों पाए की तरह जाम से निकल पाए और थोड़ी राहत की सांस ली।

### ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को नाम पर खानापूर्ति

बता दें कि शहर में पार्किंग व्यवस्था सुधारने के लिए रुट का निर्धारण भी कर दिया गया है उसके बाद भी जगह- जगह जाम देखने को मिल रहा है। शहर की ट्रेफिक व्यवस्था सुधारने के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जा रही है। शहर में सबसे बड़ी वाहनों की पार्किंग समस्या है। शहर के व्यवसायियों द्वारा एक निश्चित स्थान पर वाहन पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग कर चुके हैं। जयस्तंभ चौक के आसपास बैठने वाले पसरे वालों को सड़क से हटाने की मांग कर चुके हैं। इससे बाद भी उक्त समस्या जस की तस बनी हुई है। सड़क तक दुकानें फैलाकर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों के कारण हर पल जाम की स्थिति बन रही है।

त्योहारी खरीदी के लिए शहर आने वाले लोगों को न तो वाहनों के रखने के लिए पार्किंग व्यवस्था का लाभ मिल पा रहा है और न चारपहिया वाहनों के शहर अंदर धड़ल्ले से प्रवेश से हर पल बाजार में लगने वाली जाम से उन्हें निजात मिल पा रही है।

बताते चलें कि शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर नहीं ला पाने की स्थिति में पूर्व शहर यातायात प्रभारी अजय खेस विदा कर दिए गए हैं। अब शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नए यातायात प्रभारी पर यह चुनौती बनी हुई है। खास कर सबसे बड़ा और खर्चीला त्योहार दीपावली पर्व के समय जिसमे खरीदी के लिए शहर के लोगों के अलावा आसपास के गांव देहात के लोगों व दूर-दूर से लोग अपने वाहनों में आते हैं। ऐसे समय में ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित व सुचारू बनाए रखना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

### ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के प्रयास

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। रुट निर्धारण कर दिए गए हैं ताकि जाम की स्थिति निर्मित न हो। स्टाफ लगा कर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जा रही है।

**नवरतन कश्यप**
**यातायात विभाग प्रभारी, राजनांदगांव**

### आज राकेश किशोर एवं अनिल मिश्रा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक राजनांदगांव में आज 17 अक्टूबर को समय 11 बजे विरोध प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। ज्ञात हो कि विगत दिवस सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बी.आर. गवई के साथ सुप्रीम कोर्ट के ही एक वकील राकेश किशोर द्वारा सुप्रीम कोर्ट में उनकी तरफ जूता फेंककर उनका और संविधान के तहत संचालित संवैधानिक संस्था सर्वोच्च न्यायालय का अपमान किया गया है, जो कि पूर्णतया अनुचित असंवैधानिक व निंदनीय कृत्य है। इस अपमानजनक घटना से संविधान का भी अपमान हुआ है और हम भारत के लोगों की भावनाओं को भी गहरा आघात लगा है। इस घटनाक्रम के पीड़ित सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी.आर.गवई द्वारा सहिष्णुता मानवता व विशाल हृदयता का परिचय देते हुए भले ही इस घटना के कारक आरोपी को माफ कर उसके विरूद्ध किसी प्रकार की कार्यवाही संस्थित नहीं की गई हो, किन्तु यह घटना सभी भारतीय नागरिकों को विचलित करने वाली है। इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इस हेतु आरोपी वकील राकेश किशोर एवं अनिल मिश्रा के विरूद्ध कार्यवाही होना चाहिए। बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा, शहर की समस्त जनता से अपील है कि भारतीय संविधान के सम्मान में तथा भाईचारे को स्थापित करने सभी उपस्थित रहे।

# पटाखों पर न हों देवी-देवताओं के चित्र, हिंदू जागरण मंच ने की दुकानदारों से अपील

राजनांदगांव (दावा)। दीपावली से पहले शहर में पटाखों की दुकानों की रौनक बढ़ने लगी है। वहीं, हिंदू जागरण मंच ने एक अहम मुद्दे को लेकर पटाखा विक्रेताओं से भावनात्मक अपील की है। मंच ने कहा है कि ऐसे पटाखों की बिक्री न की जाए जिन पर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र छपे हों। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुशील लड्ढा ने कहा कि इस प्रकार के पटाखों से हिंदू धर्म की भावनाएं आहत होती हैं। यह न केवल धार्मिक प्रतीकों का अनादर है, बल्कि त्योहार की पवित्रता को भी ठेस पहुंचाता है।

उन्होंने कहा, जब हम खुद अपने देवी-देवताओं का सम्मान नहीं करेंगे, तो कोई और क्यों करेगा? यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने धर्म और संस्कृति के प्रतीकों का सम्मान करें। दीपावली केवल रोशनी और पटाखों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन की स्मृति का पर्व है। मंच ने शहर के सभी पटाखा विक्रेताओं से आग्रह किया है कि, वे ऐसे पटाखे न बेचें जिन पर देवी-देवताओं की तस्वीरें लगी हों। साथ ही उन्होंने आम लोगों से भी अपील की है कि, वे खरीददारी करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें।

सुशील लड्ढा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी दुकानदार के पास ऐसे आपत्तिजनक पटाखे पाए जाते हैं, तो हिंदू जागरण मंच इसके खिलाफ न केवल विरोध करेगा, बल्कि कानूनी कार्रवाई के लिए भी बाध्य होगा। मंच की ओर से जिलेवासियों को दीपावली के पांचों पर्व-धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन और भाई दूज की शुभकामनाएं दी गई हैं। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे धर्म और संस्कृति की मर्यादा का ध्यान रखते हुए त्योहार मनाएं।

## अनमोल दावा

> ज्ञान ही सबसे बड़ी ताकत है, इसे हर दिन बढ़ाते रहें।

# मानहानि कानून का दुरुपयोग रुके यह कदाचित धन उगाही का एक साधन बन गया है

उच्चतम न्यायालय द्वारा मानहानि के अपराधीकरण के विषय पर की गई टिप्पणी ने इस मुद्दे को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। हाल में कई अवसरों पर इससे संबंधित कानून के दुरुपयोग को देखते हुए यह विषय और भी गंभीर हो गया है। विधि के शासन के अंतर्गत कानून की यथोचित प्रक्रिया के विस्तार के साथ न्यायालय द्वारा नए अधिकारों की पहचान कर उनके लिए दावा करने की पद्धति बताई जाती है, लेकिन यह देखना भी आवश्यक होता है कि किन्हीं दो अधिकारों के बीच कोई टकराव न हो।

ऐसी ही एक स्थिति अभी चर्चा का विषय है कि संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार और अनुच्छेद 21 के दायरे में मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठा के अधिकार के बीच किस प्रकार संतुलन बनाया जाए। ऐसे संतुलन के लिए ही मानहानि का प्रविधान संविधान और कानून में किया गया है। अनुच्छेद 19(2) में मूल अधिकारों पर निर्बंधन लगाने के एक आधार के रूप में मानहानि उल्लिखित है। इसी प्रकार अपकृत्य विधि के तहत सिविल मानहानि और भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 के तहत आपराधिक मानहानि का उल्लेख है।

इसके अनुसार उन व्यक्तियों को दंडित किया जाएगा, जो किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की मंशा से या यह जानते हुए कि इससे हानि होगी, कोई झूठा बयान देते या प्रकाशित करते हैं। ऐसे प्रविधान का उद्देश्य सामाजिक हितों का संरक्षण करना और किसी व्यक्ति या संस्था की प्रतिष्ठा पर होने वाले हमलों को रोकना है। विदित है कि किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला लिखित, मुद्रित या स्थायी रूप से व्यक्त कोई भी बयान आपराधिक मानहानि के दायरे में आ सकता है।

2016 में उच्चतम न्यायालय ने सुब्रमण्यम स्वामी बनाम भारत संघ मामले में आपराधिक मानहानि के कानूनी उपबंधों को संवैधानिक रूप से वैध कहा था, लेकिन एक दशक के भीतर ही न्यायालय द्वारा इसके विअपराधीकरण के लिए टिप्पणी करना इस तथ्य का द्योतक है कि ऐसे कानून का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हो रहा है और यह कदाचित धन उगाही का एक साधन बन गया है। 2016 में न्यायालय ने उस तर्क को खारिज कर दिया था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 499 (अब भारतीय न्याय संहिता की धारा 356) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से असंगत है।

न्यायालय ने इस आधार पर आपराधिक मानहानि को संवैधानिक रूप से वैध कहा कि अनुच्छेद 19(1)(ए) में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हालांकि एक बुनियादी प्राकृतिक अधिकार होने के साथ-साथ मौलिक स्वतंत्रता भी है, किंतु यह निरपेक्ष नहीं है। इस पर मानहानि के आधार पर विवेकपूर्ण निर्बंधन संभव है। इस संबंध में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानहानि के बीच आनुपातिक संबंध होना चाहिए। यानी सद्भावनापूर्वक निष्पक्ष टिप्पणी, लोक सेवकों की सकारात्मक आलोचना, लोक नीतियों या न्यायिक कार्यवाहियों पर निष्पक्ष राय रखना कहीं से भी मानहानि का आधार नहीं होना चाहिए, क्योंकि ऐसा कोई भी निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों से असंगत होगा।

इसके विपरीत प्रतिष्ठा के अधिकार की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जो जीवन के अधिकार का अभिन्न अंग है। इस कारण दोनों अधिकारों के बीच संतुलन अनिवार्य है। 22वें विधि आयोग ने भी 2024 में अपनी रिपोर्ट में कहा कि हालांकि अभिव्यक्ति और प्रतिष्ठा के अधिकारों के बीच संतुलन होना चाहिए, लेकिन निश्चित रूप से प्रतिष्ठा की रक्षा अधिक महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि यह जीवन के अधिकार का अनिवार्य घटक है। विधि आयोग का यह विचार इस आधार पर उचित प्रतीत होता है कि जीवन को अर्थपूर्ण बनाने के लिए गरिमा की रक्षा उसकी अनिवार्य शर्त है, लेकिन जहां प्रतिष्ठा का अधिकार एक व्यक्तिगत अधिकार है, वहीं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सामान्यीकृत अधिकार।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मौलिक स्वतंत्रता भी है और यही सभी स्वतंत्रताओं की जननी भी है। ऐसी स्थिति में प्रतिष्ठा के अधिकार को अभिव्यक्ति पर वरीयता देने से व्यक्तिगत स्तर पर प्रतिष्ठा की रक्षा तो अवश्य होगी, लेकिन सामान्यीकृत अधिकार का संरक्षण नहीं हो पाएगा। इस कारण संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण के लिए दोनों का संतुलन अनिवार्य है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अनुच्छेद 19(2) के तहत युक्तियुक्त निर्बंधन लगाने के आधार उल्लिखित हैं, लेकिन आपराधिक मानहानि के कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है।

इस आलोक में यदि उच्चतम न्यायालय की यह टिप्पणी उचित है कि मानहानि का विअपराधीकरण होना चाहिए। अगर हम इस विषय को संविधान के स्वर्णिम त्रिभुज के संदर्भ में देखें तो और स्पष्ट होगा। न्यायालय ने मेनका गांधी बनाम भारत संघ 1978 मामले में स्वर्णिम त्रिभुज का उल्लेख किया था, जिसके अनुसार इस त्रिभुज का निर्माण अनुच्छेद 21, 19 और 14 से हुआ है। इसलिए इन तीनों ही उपबंधों को संतुलित किया जाना चाहिए। किसी एक को दूसरे पर वरीयता देना आनुपातिकता के सिद्धांत से भी असंगत होगा और यह संवैधानिक नैतिकता के विरुद्ध भी होगा। अतः इस दृष्टिकोण से भी आपराधिक मानहानि के कानून को देखा जाना चाहिए और उसके दुरुपयोग को रोकने का प्रावधान किया जाना चाहिए।

# सेहत से खिलवाड़ करते मिलावटखोर

**दीपिका अरोड़ा**




मिलावट के इस दौर में असली-नकली मिलावट में भेद करना बेहद मुश्किल जान पड़ता है फिर चाहे वे मानवीय संबंध हों या फिर दैनिक उपभोग में प्रयुक्त होने वाले खाद्य पदार्थ। सहायक धंधे के तौर पर आरम्भ हुई श्वेत क्रांति तक मुनाफाखोर की बदनीयती से काले धंधे में तबदील हो चुकी है। विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश के 89.2 प्रतिशत दुग्ध उत्पादों में किसी न किसी प्रकार की मिलावट पाई गई।

राष्ट्रीय स्तर पर दुग्ध उत्पादन का आकलन करें तो देश में कुल 14 करोड़ लीटर दूध उत्पादित होता है, जबकि दैनिक खपत लगभग 65 करोड़ लीटर है। मांग व आपूर्ति में स्थित यह भारी अंतर कैसे पाटा जाता होगा, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। त्यौहारों के दौरान मिठाइयों की बढ़ती मांग के दृष्टिगत पर्याप्त दूध कहां से आता है, यह भी किसी बड़े रहस्य से कम नहीं। जाहिर तौर पर नियमित आपूर्ति की इस भरपाई में एक बड़ा अंश वास्तव में कृत्रिम दूध का है, जिसे नकली दूध कंपनियों द्वारा विविध प्रकार के रसायनों की सहायता से तैयार किया जाता है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण उत्पादित 68.7 प्रतिशत दूध के मानकों पर खरे न उतर पाने की बात पूर्व में ही बता चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के तहत भारत में प्रतिदिन बिकने वाले 64 करोड़ लीटर दूध में से 50 करोड़ लीटर दूध नकली या मिलावटी होता। है। भारत के 70 प्रतिशत से अधिक दुग्ध उत्पाद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते। समृद्ध प्रांतों की श्रेणी में शुमार होने वाला पंजाब प्रांत भी इस विषय में अपवाद नहीं कहा जा सकता। राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफ.डी.ए.) की एक रिपोर्ट बताती है कि शुद्धता जांचने हेतु लिए गए दूध के नमूनों में अधिकांश न केवल गुणवत्ता परीक्षण में असफल पाए गए बल्कि 41 प्रतिशत में स्वास्थ्य के लिहाज से घातक तत्व भी मौजूद रहे।

बीते दिनों दूध व डेयरी उत्पादों में मिलावट के विरुद्ध की गई एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार की ओर से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जवाब दायर करते हुए एक स्टेटस रिपोर्ट पेश की। सरकार की ओर से प्रदत्त जानकारी के अनुसार 2 जनवरी, 2019 से लेकर 31 दिसम्बर, 2024 तक राज्य में कुल 2,191 मामलों का निपटारा किया गया। इनमें लगभग 95 प्रतिशत मामलों में दंड लगाया गया। जुर्माने के रूप में वसूल की गई कुल राशि 3,04,75,720 आंकी गई। आंकड़े अमृतसर, गुरदासपुर, संगरूर तथा फतेहगढ़ साहिब जैसे जिलों में सर्वाधिक मामले दर्ज होने का खुलासा करते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, मिलावट का यह क्रम न सिर्फ दूध उत्पादों तक ही सीमित रहा अपितु पनीर, दही, खोया, मक्खन, मिठाई, देसी घी आदि से लेकर आइसक्रीम, नमकीन, हल्दी एवं मिर्च पाऊडर, गुलाब शरवत, खाद्य तेलों तक में मिलावट देखने को मिली। पांच वर्षों में दर्ज 2,191 मामले स्वतः ही हालात को गंभीरता दशति हैं। ऐसी अवस्था में व्यवस्थात्मक प्रबंधन पर सवालिया निशान उठना भी स्वाभाविक है। दोषियों की धर-पकड़ व भारी भरकम जुर्माने के बावजूद यह धंधा क्यों और कैसे फल-फूल रहा है? या तो मुनाफाखोरों में कानून के प्रति भय ही नहीं अथवा तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार उन्हें मनमर्जी करने की इजाजत दे रहा है। दूध-दही बहाने वाले भारतवर्ष के इतिहास में एक ऐसा भी समय रहा, जब लगभग हर घर में ही पशुधन हुआ करता था। दूध से मुनाफा कमाना तत्कालीन समाज की दृष्टि में हेय था लेकिन आज समय पूर्णतः परिवर्तित हो चुका है। स्टार्च अब इस कारोबार में न जमकर के वल मुनाफाखोरी होती है बल्कि मिलावट की आशंका भी बराबर बनी रहती है। खासकर त्यौहार के दिनों में यह सिलसिला चरम पर पहुंच जाता है। मिलावटखोरी की यह प्रक्रिया लोगों के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव छोड़ेगी, इससे धंधेबाजों को भला क्या लेना-देना? उनका लक्ष्य तो मात्र पैसा बटोरना ही है, कोई जिए या मरे उनकी बला से।

सम्पूर्ण आहार के रूप में लिया जाने वाला दूध शरीर के लिए अमृत समान है जोकि सभी आवश्यक तत्वों की पूर्ति करने में समर्थ माना गया है किंतु यदि दूध के नाम पर जहरीले तत्व शरीर में घुल जाएं तो इसका परिणाम भी तो सर्वथा विपरीत ही होगा न? मिलावट का यह गोरख धंधा शरीर पर अनेक दुष्प्रभाव छोड़ देता है।

धवलता में जहरीले तत्वों की कलुषता घोलती मिलावट न केवल सामूहिक रूप में समाज के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करके अनेकानेक व्याधियों को न्यौता देने का सबब बन रही है बल्कि मानवीय मूल्यों पर घात करते हुए सामाजिक व नैतिक माहौल भी अस्वस्थ बना रही है। मिलावट का धंधा करने वाले दगाबाज लोगों पर नकेल कसना अत्यावश्यक है। जनता की सेहत से खिलवाड़ करना कोई मामूली मुद्दा नहीं, इसे संजीदगी से लेना चाहिए। आवश्यक है कि विभिन्न माध्यमों से मिलावट जांचने संबंधी विधियों को लेकर पर्याप्त जन-जागरूकता फैलाई जाए।

प्रशासनिक स्तर पर इस पाउडर संदर्भ में युद्ध स्तरीय जांच-पड़ताल होने के साथ दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जानी चाहिए अन्यथा जैसे कि विश्व संगठन की रिपोर्ट ने आशंका जताई है, मिलावट का यह सिलसिला 2025 में 87 प्रतिशत भारतीयों के स्वास्थ्य को घातक बीमारियों का शिकार बना सकता है।

## विचार सरिता

# जीवन सूत्रः संदर्भ नयेः इंद्रियों को भटकने से रोकना, जैसे देर तक खेलते बच्चे को वापस घर लाना



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

इंद्रियों का ध्यान उनके संबंधित विषयों से हटाना प्रारंभ में अत्यंत कठिन होता है।देखना, सुनना, स्पर्श करना, सूँघना और खाना--ये पाँचों क्रियाएँ क्रमशः नेत्र, श्रोत्र, त्वचा, घ्राण और रसना-- इन पाँच ज्ञानेन्द्रियों की हैं।पैर, हाथ,मुख, उपस्थ और गुदा ये पांच कर्मेंद्रियां हैं।

नेत्र सुंदर दृश्य देखना चाहते हैं। कान कर्णप्रिय मीठी मधुर वाणी सुनना चाहते हैं।त्वचा को मुलायम स्पर्श चाहिए। हमारी नासिका सुगंधित चीजों को चाहती है और जीभ स्वादिष्ट और चटपटे खाद्य पदार्थ को प्राप्त करना चाहती है और हमारा मन इन्हीं सबके लिए चिंतन करता है।

अब प्रश्न यह है, तो ऐसा सोचने और इन्हें प्राप्त करने की चेष्टा में बुराई क्या है? इसका उत्तर यह है कि कर्म पथ पर हमें सभी चीजें हमारी इंद्रियों के अनुकूल और हितकर विषयों के ही अनुरूप नहीं मिलेंगी। अगर यह चीज उपलब्ध हो भी जाए तो इनकी अति या तो हमारे लिए हानिकारक है या हमें अपने मूल कर्तव्य पथ से भटका सकती हैं। जीवन में हमें समय के साथ आगे बढ़ना होता है। अगर हम इंद्रियों की इच्छा तृप्ति का कार्य ही करते रहेंगे तो हम अपना दायित्व कैसे निभाएंगे? अतः कहीं ना कहीं इस बात का निश्चय आवश्यक है कि संयम का ब्रेक इंद्रियों को उसके विषयों को प्राप्त करने की क्षुधा और मनमानी से रोके। इस कार्य में हमारा मन इंद्रियों की सहायता करे और हमारा विवेक इसमें एक निर्णायक की भूमिका निभाए, ताकि यथार्थ रूप में कौन सी चीज हमारे लिए अच्छी है और कौन सी नहीं, इसका सही निर्णय होता रहे।

इंद्रियों के विषयों से इंद्रियों को पृथक करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। अगर हमारी आंखें खुली है और सामने स्वादिष्ट भोजन रखा हुआ है, हमें भूख भी लगी हुई है, तब ऐसे में हमारा ध्यान उस स्वादिष्ट भोजन की ओर जाएगा ही। दृश्य इंद्रिय का विषय है रूप। जीभ स्वादिष्ट भोजन चाहती है।आंखें बंद कर लेने से भी हमें भोजन की थाली दिखाई देती रहेगी क्योंकि भूख लगी हुई है।भूखे मनुष्य को भोजन की थाली ग्रहण करने में कोई अनुचित बात भी नहीं है।समस्या तब खड़ी होती है जब हम केवल स्वाद के नाम पर आवश्यकता से अधिक भोजन ग्रहण करने लगें। दूसरों की थाली में से वस्तुएं हथिया लें। क्षुधा पूर्ति और शरीर की आवश्यकता के बदले ठूंस-ठूंस कर मनमाना भोजन करने लगें। यहां हम जीभ के गुलाम हो जाते हैं। इस तरह से इंद्रियां हम पर हावी होने लगती हैं।

स्रोत श्लोकः-

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा हैः-

संहरते चायं कूर्मोऽङ्गानीव सर्वशः।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य
प्रज्ञा प्रतिष्ठिता।।2/58।।

इसका अर्थ है, हे अर्जुन !जिस तरह कछुआ अपने अङ्गोंको सब ओरसे समेट लेता है, ऐसे ही जिस काल में यह कर्मयोगी इन्द्रियों के विषयों से इन्द्रियों को सब प्रकार से हटा लेता है,तब उसकी बुद्धि स्थिर हो जाती है।

## कविता

### देखो देखो.... शराब बंदी होगे

मन बड़ खुश होगे....
देखो देखो शराब बंदी होगे....
देखो देखो शराब बंदी होगे....
गांव के मन एकता होगे....
महतारी के दुःख कम होगे....
देखो देखो शराब बंदी होगे....
विद्यालय के शुल्क जमा होगे....
घर-घर खुशहाली छा गे....
देखो देखो शराब बंदी होगे....
किडनी अऊ लिवर
स्वस्थ होगे...
बीमारी हा कम होगे....
देखो देखो शराब बंदी होगे....
मंदिर के आरती मा भीड़ होगे....
प्रसाद खाके हृदय हा जुड़ होगे...
देखो देखो शराब बंदी होगे....
गुटका तंबाकु बदबूदार होगे...
लड़का मन घलो सुन्दर होगे...
देखो देखो शराब बंदी होगे....

लड़की हा बिहाव बर
घलो मान गे...
सात वचन बड़ मजबूत होगे....

देखो देखो शराब बंदी होगे....
तलाक के धारा मन रद्द होगे...
अपराध मन घट के कम होगे....
देखो देखो शराब बंदी होगे....
दारू हा मोर गाँव ले दूर होगे....
तोर मोर जोड़ी के उमर बढ़गे...।



**मीना पुष्पाकर (लेखिका, शिक्षा सर्वोपरि) भाठागांव, रायपुर**

## कविता

### नेवता भोज.....

आनी-बानी खई-खजाना, इस्कूल मा लईका खावत हें।
नेवता भोज खवाय खातिर, दाई-दीदी जुरियावत हें।।
बर-बिहाव वर्षगाँठ जनम-दिन, उछाह समाय रहिथे जी।
केरा संतरा धर-धर आवय, सेब पपीता बने खवावत हें।।
बिन बस्ता के दिन शनिच्चर, बने हाँसत-गावत पहावत हें।
लईकन संग मा दाई-ददा अउ, कका बबा घलो तिरियावत हें।।
आय हावय बने नवा-जतन, गुरुजी-लईका दूनों मगन।
रिशान आयु पुलकित लोरी ला, जादुई-पिटारा भावत हे।।
उल्लास भारत बर होरी धनिया, सँझौती सकलावत हें।
महतारी नाँव मा आनी-बानी, बनेच पेड़ लगावत हें।।
सबो इस्कूल मा स्मार्ट टी वी, पढ़े पढ़ाय सम्पर्क दीदी।।
स्मार्ट माता बनके मम्मी, अँगना मा शिक्षा लावत हें।।
गुरुजी काय पढ़ईस लिखईस,
डोकरी दाई ला बतावत हें।
लर्निंग कॉर्नर बइठ बबा ला,
स्टोरी रीडिंग सुनावत हे।।
लईकन मन बाल देवन लागे,
रँधईया मन जस अन्नपूर्णा।
मजा-मजा मा पढ़त-लिखत,
उवत सुरुज परघावत हें।।



**रोशन साहू 'मोखला' (राजनांदगांव) 7999840942**

## सामयिक चर्चा

### मंगलू मजदूर की, डॉ. रमन से विनंती

खबर पढ़कर बानी बोले
''सचमुच गजाधर!
मुझे पत्रकार का अपनी रिपोर्टिंग में
यह लिखना बहुत भाया
कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री
विधानसभा अध्यक्ष और
हमारे राजनांदगांव के विधायक
डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन
आज किसी पर्व की तरह नजर आया।
बधाई और शुभकामनाएँ देने वाले
समर्थकों की उमड़ी भीड़ देख
डॉ. रमन सिंह अत्यन्त भावुक हो गए।
वे अपने नांदगाँव में खो गये।
उन्होंने कहा कि आज में जो कुछ भी है,
जैसा भी हूँ जहाँ भी हूँ
राजनांदगांव ने ही मुझे बनाया ।
मालूम गजाधर! डॉ. रमन सिंह ने
अपने जन्म दिवस के अवसर पर
विशेष रूप से कहा कि राजनीति के जिस क्षेत्र में
वे काम कर रहे हैं, यह
राजनांदगांव संस्कारधानी का है चमत्कार!
गजाधर ! आप अब क्या कहना चाहेंगे यार! ''
गजाधर कुछ कहते,
इसके पहले ही मंगलू मजदूर बोल उठे
''बानी भैया ! मैं यही विनंती करत हो
आज के हमर डॉक्टर साहेब रमन महाराज,
बीएनसी मिल जहाँ मैं मजदूरी करेंव
वइसने कोई बड़े उद्योग कारखाना
हमर नांदगांव में खुलवा दें
अउ कतको-कतको बेरोजगार
बेटा-नाती मन ला
काम में लगवा दें।



**गिरीश बख्शी**


## कविता

### नफरतें

*न कर अपमान*
*नफरत न कर किसी से जलोगे*
*तो जल ही जाओगे ढल ही जाएगा ये जीवन*
*रह जाएगा बस ये गुमान*
*बस रह जाएंगे अरमान*
*छूट जाएंगे रिश्ते-नाते, धन-दौलत*
*रह जाएगी यही पर शान*
*न करो लालच, न इतराओ दौलत पे*
*खाली हाथ ही रह जाता है,*
*जब जाता है इंसान।*

**श्रीमती हर्षबाला जांभुलकर न्यू सेक्टर-अछोली, डोंगरगढ़**

## राशिफल




**मेष**

मेष राशि- आज मेष राशि वालों को मानसिक शांति की प्राप्ति होगी। धन लाभ होने की संभावना है, लेकिन आपको अपने गुस्से पर काबू रखना होगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे और भविष्य के बारे में बातचीत कर सकते हैं। नौकरी पेशा करने वालों को कलीग का सहयोग और तारीफ मिलेगी।



**वृष राशि**

आज आपको अपने खानपान पर नजर रखनी चाहिए, क्योंकि सेहत बिगड़ सकती है। यात्रा के संकेत हैं, लेकिन फलीभूत नहीं होगी। आज का दिन आपको थकाने वाला और तनावपूर्ण साबित हो सकता है, लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद भी साबित होगा। अपने जीवनसाथी के साथ सुकून, आराम और प्यार पाएंगे।




**मिथुन**

आज आपके जीवन में खुशियों का आगमन होगा। कार्यक्षेत्र या व्यापार में कोई भी लापरवाही आज आपको आर्थिक नुकसान पहुंचा सकती है। बच्चों की सेहत पर नजर रखें। आप अपने सपनों को साकार होते देखेंगे। आज आप अपने खाली समय का सदुपयोग करेंगे और उन अधूरे कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे।



**कर्क**

आज आपकी सेहत अच्छी रहेगी। धन के मामलों में सावधानी बरतें, वरना नुकसान हो सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताना सुखद रहेगा। आज प्यार में अनबन का सामना करना पड़ सकता है। आज आपको बॉस का सहयोग मिलेगा, जिसका फायदा अप्रेजल में मिलेगा।



**सिंह**

आज आपको ध्यान और योग का फायदा मिलेगा, मानसिक तनाव दूर होगा। अगर आप छात्र हैं और विदेश में पढ़ाई करना चाहते हैं, तो घर की आर्थिक तंगी आज आपको परेशान कर सकती है। कुछ जातकों की दोस्ती रोमांस में बदल सकती है। कार्यस्थल पर आपकी मेहनत आज रंग लाएगी।




**कन्या**

आज आपके घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है। भाग्य का साथ मिलेगा, जिससे धन का आगमन होगा। जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। जीवनसाथी के साथ किसी पुरानी याद को ताजा कर मन खुश होगा। व्यापारिक स्थिति पहले से बेहतर होगी।



**तुला**

ऑफिस में आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि ज्यादा काम लेने से बचें। आज आपको अपना धन खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। व्यवसायियों को अपने प्रमोटरों से धन लाभ हो सकता है।। अपने जीवनसाथी के साथ कुछ समय बिताना भी बहुत जरूरी है। धन लाभ के संकेत हैं।



**वृश्चिक**

आज आपकी यात्रा लाभकारी रहेगी। आज निवेश के अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी। कार्यक्षेत्र में चीजें आपके लिए काफी बेहतर हो सकती हैं। आप अपने जीवनसाथी के साथ एक बेहतरीन शाम बिता सकते हैं। आर्थिक लाभ के संकेत हैं।




**धनु**

आज आपको धन लाभ हो सकता है। आपको अपनी लीडरशिप स्किल दिखाने का मौका मिलेगा। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको सकारात्मक परिणाम दिलाएगी। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा। व्यापारियों को विदेश यात्रा का मौका मिल सकता है।




**मकर**

आज आपको भाई-बहन से आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। महत्वपूर्ण टास्क या कार्यों को पूरा करने के लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। साहसिक कदम और फैसले अनुकूल परिणाम लाएंगे। परिवार के साथ यात्रा के योग हैं। जीवनसाथी आपके साथ समय बिताकर खुश होगा।



**कुंभ**

आज आपको किसी पारिवारिक मामले को हल करना पड़ सकता है। पुराने निवेशों से इनकम में वृद्धि होने की संभावना है। दोस्त और जीवनसाथी आपके लिए खुशियां लाएंगे। काम के सिलसिले में भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आज आप अपने वैवाहिक जीवन के सबसे खास दिन का अनुभव करेंगे। ऑफिस में अपने कार्यों को निपटा लें।



**मीन**

आज आपको अपनी सेहत का खास ख्याल रखना चाहिए। किसी भी जरूरी कागजात या धन से जुड़े मामले पर साइन करते समय सावधानी बरतें, वरना नुकसान हो सकता है। महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात हो सकती है। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा।

## शब्द सामर्थ्य -201

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 200 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ड़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | श्रा | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

# पंचमी पूजा पर आगा देव के साथ गर्भगृह में प्रवेश का मंदिर ट्रस्ट ने मौन जुलूस निकालकर जताया विरोध

**डोंगरगढ़ (दावा)। मां बम्लेश्वरी मंदिर में नवरात्र पर्व के दौरान आदिवासी समाज द्वारा की जाने वाली पंचमी पूजा पद्धति को लेकर शुरू हुआ विवाद अब और गहराता जा रहा है। नवरात्र की पंचमी से उठे इस विवाद ने अब नया मोड़ ले लिया है। मंदिर ट्रस्ट सर्व समाज के सारे यहां कहना चाह रहा है कि आदिवासी द्वारा की गई पूजा से नियम भंग हुआ है पूजा करने वाले जबरन गर्भ ग्रह में प्रवेश कर मंदिर की पवित्रता एवं पूजा के लिए बनाए गए नियमों का ध्यान नहीं रखा गया।**

प्रशासन की मौन सहमति से आदिवासी समाज द्वारा की गई पूजा के विरोध में मंदिर ट्रस्ट द्वारा तत्काल गर्भ गृह में घुसकर पूजा करने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। जिस पर कार्रवाई न होता देख ट्रस्ट समिति द्वारा सर्व हिंदू समाज के सहारे आदिवासी समाज द्वारा की जा रही पूजा पद्धति का विरोध किया और एसडीएम को ज्ञापन देकर भोले भाले आदिवासियों को बरगलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इसके पूर्व मंदिर ट्रस्ट समिति ने सर्व हिंदू समाज के साथ मिलकर सोमवार को मौन जुलूस निकाला और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह जुलूस महावीर मंदिर से प्रारंभ होकर जय श्रीराम के नारे लगता हुआ शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय तक पहुंचा। जहां मंदिर ट्रस्ट के अधिकांश पदाधिकारी, कर्मचारी, दुकानदार और श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने जय श्रीराम के जय घोष के साथ शांतिपूर्वक अपना विरोध दर्ज कराया।

### क्षेत्र का विकास मंदिर के विकास के साथ जुड़ा है - मनोज अग्रवाल

मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि डोंगरगढ़ अनेकता में एकता का प्रतीक स्थल है, जहां सभी संप्रदायों के लोग सौहार्द्रपूर्वक रहते हैं. उन्होंने कहा, 'मां बम्लेश्वरी मंदिर सनातन और हिंदू आस्था का केंद्र है. हाल ही में नवरात्र में जो घटनाएं हुई, उनसे मंदिर की मर्यादा का उल्लंघन हुआ है. हमने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। मनोज अग्रवाल ने आगे कहा कि मंदिर ट्रस्ट किसी भी समुदाय को अलग नहीं करता। हम सबके दर्शनार्थियों का सम्मान करते हैं। सभी को मंदिर की परंपराओं और मर्यादाओं का पालन करना चाहिए, तभी आस्था और विकास दोनों कायम रहेंगे।

### दाई बमलाई की पूजा हमारी परंपरा का हिस्सा है- आदिवासी समाज

आदिवासी गोंड समाज ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे केवल अपनी पारंपरिक पूजा कर रहे थे, जो रियासतकालीन परंपरा से जुड़ी है। गोंड समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि दाई बमलाई की पूजा हमारी परंपरा का हिस्सा है। हर साल पंचमी यात्रा उसी परंपरा के अनुसार निकाली जाती है। मंदिर ट्रस्ट इस विवाद को हिंदू बनाम आदिवासी का रूप देकर समाज में भेदभाव फैलाने की कोशिश कर रहा है। गोंड समाज ने यह भी आरोप लगाया कि सर्व हिंदू समाज की बैठक में उन्हें आमंत्रित न कर ट्रस्ट ने अलगाववादी सोच को बढ़ावा दिया है।



आदिवासी समाज द्वारा मां बम्लेश्वरी की पंचमी पूजा का विवाद गहराया, मंदिर ट्रस्ट ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बता दें, मां बम्लेश्वरी मंदिर का इतिहास खैरागढ़ राजघराने से जुड़ा हुआ है। मंदिर का निर्माण राजा कमल नारायण सिंह ने करवाया था, जबकि उनके वंशज राजा बीरेन्द्र बहादुर सिंह ने मंदिर के संचालन के लिए ट्रस्ट की स्थापना की थी। अब उसी ट्रस्ट द्वारा उनके पोते राजकुमार भवानी बहादुर सिंह के गर्भगृह में प्रवेश और पूजा को लेकर आपत्ति जताई जा रही है, जिससे राजपरिवार भी इस विवाद के केंद्र में आ गया है।

### प्रशासन दोनों पक्षों को बैठाकर चर्चा करने की ओर आगे बढ़ रहा है - एसडीएम एम. भार्गव

प्रशासन की ओर से एसडीएम एम. भार्गव ने बताया कि दोनों पक्षों के ज्ञापन प्राप्त हो चुके हैं, उन्होंने कहा, 'यह मामला संवेदनशील है, इसे बातचीत और समझौते के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर चर्चा कराई जाएगी। ताकि गलतफहमियां दूर हों और डोंगरगढ़ की शांति बनी रहे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि डोंगरगढ़ जैसी शांत और धार्मिक नगरी में इस तरह का विवाद चिंताजनक है। कुछ लोगों का मानना है कि व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण इस मामले को जानबूझकर 'हिंदू बनाम आदिवासी' का रंग दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं और नागरिकों ने ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ शासन-प्रशासन से निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। ताकि मां बम्लेश्वरी मंदिर की आस्था और डोंगरगढ़ की धार्मिक एकता बरकरार रहे।

### गृह शांति के लिए की गई गढ़ माता की पूजा के बाद विवाद गहराया

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में नवरात्र की पंचमी पर पूजा पद्धति को लेकर परंपरा और मंदिर प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति बन गई। कुछ दिनों बाद राजघराने से जुड़े राजकुमार भवानी बहादुर सिंह 50 से 60 पारिवारिक व बैगा आदिवासी श्रद्धालुओं के साथ 'गढ़ माता' की पारंपरिक पूजा कर रहे थे। इस दौरान पूजा स्थल पर पुलिस के आला अधिकारी भी उपस्थित रहे। जिसे कुछ लोगों ने पशु बलि समझ लिया और प्रशासन ने हस्तक्षेप किया। जांच में बलि की पुष्टि नहीं हुई।

### हम केवल पारंपरिक पूजा कर रहे थे - राजकुमार भवानी बहादुर

राजकुमार भवानी बहादुर सिंह ने स्पष्ट किया कि वे केवल अपने कुल की पारंपरिक बैगा पद्धति से पूजा कर रहे थे।बलि नहीं दे रहे थे।और प्रशासन ने गलतफहमी में पूजा में बाधा डाली। उन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्ट को संचालन का अधिकार दिया गया था, मालिकाना हक नहीं, और किसी को भी उनकी धार्मिक व पारंपरिक पूजा अर्चना में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

### जाने आदिवासी समाज के लिए आगा देव का महत्व

आदिवासी समाज के लिए आगा देव का महत्व सामाजिक, धार्मिक और न्यायिक है। उन्हें बस्तर का आराध्य माना जाता है और किसी भी शुभ कार्य से पहले उनकी पूजा की जाती है। आगा देव का एक चलायमान देवस्थान होता है, जिसे सागौन की लकड़ी से बनी डोली में मिट्टी, मोरपंख आदि से सजाकर रखा जाता है। यह देव सामाजिक और धार्मिक विवादों को सुलझाने में न्यायाधीश की भूमिका निभाते हैं और मुसीबत के समय उनकी मदद ली जाती है।

### आगा देव को बस्तर के आदिवासियों का संरक्षक देवता माना

किसी भी सामाजिक या धार्मिक आयोजन की शुरुआत से पहले पुजारियों की अनुमति लेना आवश्यक है। न्यायिक भूमिका-आगा देव एक न्यायाधीश के रूप में कार्य करते हैं, जो सामाजिक या धार्मिक विवादों का तुरंत समाधान करते हैं। विवादस्थल पर आगा देव को ले जाकर उनका निराकरण किया जाता है। उग्र देवआगा देव को उग्र देव माना जाता है और उनसे लोग भय भी खाते हैं। कहा जाता है कि वे मुसीबत या बिगाड़ को दूर करने के लिए अपना प्रचंड रूप धारण करते हैं। चलायमान देवस्थान - इनका कोई स्थायी मंदिर नहीं होता, बल्कि इन्हें सागौन की लकड़ी की डोली में रखा जाता है। पुजारी ही इनकी देखभाल करते हैं और इनकी अनुमति के बिना इन्हें कहीं नहीं ले जाया जाता।

## पहला कॉलम...

### दिग्विजय महाविद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय गंडई के मध्य हुआ एमओयू

राजनांदगांव(दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव एवं शासकीय महाविद्यालय गंडई के मध्य विभिन्न अकादमिक क्षेत्र, शोध, प्रोजेक्ट, स्टूडेंट्स, फैकल्टी एक्सचेंज आदि विषयों को लेकर दोनों संस्थान के मध्य समझौता (एमओयू) किया गया।



दोनों महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सुचित्रा गुप्ता दिग्विजय महाविद्यालय एवं डॉ. डी.पी.कुर्रे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय गंडई द्वारा एमओयु समझौता, दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर इस प्रक्रिया को पूरा किया गया। डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि दोनों महाविद्यालय शैक्षणिक संस्थान है, इसलिए समस्त शैक्षणिक तथा अकादमिक क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए यह समझौता दोनों ही संस्थान के लिए बहुत लाभदायक होगा। दोनों ही संस्थान अपने अलग-अलग शैक्षणिक संरचना के कारण पृथक होते हुए भी एमओयु के द्वारा एक दूसरे के साथ मिलकर काम करेंगे। उक्त एमओयु में हस्ताक्षर के दौरान डॉ. सुमिता श्रीवास्तव संयोजक एमओयू समिति, डॉ. महेश श्रीवास्तव, दीपक कुमार परगनिहा (रजिस्ट्रार), विकास कांडे (सहायक प्राध्यापक) उपस्थित रहे।

### कल बड़भूम में रिकार्डिंग डॉंस प्रतियोगिता

जोंधरा(दावा)। डोंगरगांव विकासखंड के आश्रित ग्राम बड़भूम में कल 18 अक्टूबर दिन शनिवार को रिकार्डिंग डॉंस प्रतियोगिता का आयोजन युवामितान मंडल व ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है, जिसमें सामूहिक, युगल व एकल प्रतियोगियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने पर समिति द्वारा आकर्षक पुरस्कारों की व्यवस्था रखी गयी है, आयोजक समिति के अजबदास ने क्षेत्रीय ग्रामीणों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### शांतिभंग होने की अंदेशा पर 3 लोगों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

डोंगरगढ़(दावा)। क्षेत्र मे शांति भंग करने वाले सन्नी साहू पिता संजय साहू उम्र 20 साल निवासी वार्ड नंबर 22 अटल आवास तिल्दा थाना तिल्दा, मुनमत माण्डले पिता सुदामा माण्डले उम्र 21 साल निवासी वार्ड नंबर 22 अटल आवास तिल्दा, महेन्द्र पाण्डे पिता स्व. गोविन्द प्रसाद पाण्डे उम्र 31 साल निवासी ग्राम करवारी थाना डोंगरगढ़ के बदमाशों के विरूद्ध धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण 27 तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। जिले के शासकीय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विद्यार्थियों को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण से संबंधित इच्छुक एवं योग्यताधारी आवेदकों से 27 अक्टूबर तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं निर्धारित प्रारूप में आवेदन कलेक्टोरेट राजनांदगांव के जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 112 से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

## आरोपी रंजन निषाद एवं पप्पू निषाद के कब्जे से 57 पौवा अवैध शराब जब्त

o शहर व ग्रामीण क्षेत्र के ढाबों/होटलों में खुलेआम बिक रही शराब पर प्रतिबंध का शहरवासी कर रहे है इंतजार

डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के द्वारा अवैध गतिविधियों को रोकने एवं अपराध में अंकुश लगाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिस पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के मार्गदर्शन में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री में लगाम लगाने शराब कोचियों/तस्करों पर नजर रखने के साथ ही साथ अवैध गतिविधियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कडी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही कर रही है।

इसी कडी में दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को रंजन निषाद पिता महेश निषाद उम्र 25 साल निवासी ग्राम मेढा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. व पप्पु निषाद पिता महराजी निषाद उम्र 27 साल ग्राम मालडोगरी थाना छुरिया जिला राजनांदगांव छ.ग. बताया, जिसके कब्जे से अवैध रूप से एक बडा थैला जिसमें सुरूची लिखा हुआ, पिला लाला रंग का जिसमे 57 पौवा जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कार ज्यु. रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक राणा प्रसन्न गजभिये, आर. गौरव शेण्डे, अजय पाटले, योगेश कुमार साहू, लीलाधर मंडलोई का सराहनीय कार्य रहा।



### होटल/ढाबा चेककर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रखना प्रेस विज्ञप्ति तक सीमित

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में पुलिस द्वारा कहा गया कि, थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर, नाकाबंदी की कार्यवाही कर एवं होटल/ढाबो को चेककर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अवैध गतिविधि होने पर उसमें वैधानिक कार्यवाही कर लगाम लगाया जा रहा है। ठीक इससे उलट देखने और सुनने को मिल रहा है कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे होटल व ढाबों में खुलेआम अवैध शराब का व्यवसाय किया जा रहा है। इसी के साथ-साथ सट्टा-जुआ का खेल जिले के राजनीतिक पहुंच वाले व्यक्तियों द्वारा स्थानीय लोगों के सहारे संचालित किया जा रहा है। चर्चा है कि इन्हें स्थानीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त है।

## कांग्रेस नेता पदम कोठारी शोक संतप्त सिंगी परिवार से मिले

खैरागढ़ (दावा)। कांग्रेस नेता एवं जिला ग्रामीण राजनांदगांव के पूर्व अध्यक्ष पदम कोठारी ने विगत दिनों शोक संतप्त सिंगी परिवार से मुलाकात की। मिली जानकारी अनुसार पूर्व जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष पदम कोठारी विगत दिनों खैरागढ़ पहुंचे जहां पूर्व एल्डरमैन कांग्रेस के युवा नेता रतन सिंगी की दादी स्व. झम्मू बाई सिंगी के निधन की खबर मिलते ही वो उनके घर पहुंचे और मृतक स्व. सिंगी को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये उनके प्रति अपनी शोक संवेदना भी व्यक्त की। इस अवसर पर मृतिका स्व. झम्मू बाई सिंगी के पुत्रगण क्रमशः हीरालाल सिंगी, अनिल सिंगी, सुनील सिंगी, किशन सिंगी, वीरेंद्र सिंगी, कमलेश सिंगी व पूर्व एल्डरमैन रतन सिंगी भी मौजूद रहें।



0 विगत दिनों पूर्व एल्डरमैन रतन सिंगी की दादी का हो गया था निधन
0 जिला ग्रामीण राजनांदगांव के पूर्वस्त्र अध्यक्ष पदम कोठारी ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की

## रायल कीड्स में योग जीवन जीने की कला

राजनांदगांव (दावा)। उपरोक्त अभियान के तहत आर.के.सी. स्कूल में 16वीं कड़ी में करीब 245 छात्र/छात्राओं को ध्यान की आरंभिक/सूक्ष्म महत्व को बताते हुए भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संयोजक हेमंत तिवारी ने योग से विशेष उनके जीवन उपयोग आने व कैसे हमेशा आगे रहकर परीक्षा व हर एक जगह अव्वल रहने की कला को बताया कि, पूरे जिले में ये स्कूली छात्र-छात्राओं के बौद्धिक/मानसिक संतुलन/विकास हेतु जिला शिक्षाधिकारी प्रवास सिंह बघेल द्वारा प्राप्त आदेश पर शुरू किया गया है, शीघ्रता से सभी तहसील एवं दूसरे जिलों में इस सेवा कार्य को करने का प्रयास किया जा रहा है।



योग साधक भाई दिलीप राम ने बताये गये अभ्यास योग को निरंतर इक्कीस दिन तक कोई भी छात्र-छात्रा अपनी जीवन शैली बना लेवे तो परिणाम आने शुरू होते जायेंगे, बस निरंतर अभ्यास को किसी भी सूरत में छोड़ना नहीं है, सबेरे उठने से लेकर नहाने, पानी पीने और सोने तक की बातों को बताया गया। इस स्कूल के बच्चों की बड़ी अच्छी बात ये रही कि, बच्चों ने ध्यान से सुना और प्रश्नोत्तरी काल में बड़े अच्छे-अच्छे प्रश्न भी किये, जिसका निदान तत्काल किया गया।

आज के सत्र में छ.ग. रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयुष विभाग का भी साथ रहा, डॉ.अनमोल गुप्ता, डॉ.श्रृष्टि अग्रवाल, स्टाफ मो.जावेद आदि रहे और आपने भी स्वास्थ्यगत प्रभावशाली उदबोधन दिये। साथ भारत स्वाभिमान न्यास (पतंजलि) जिला संयोजक हेमन्त तिवारी, आर.के.सी. स्कूल के डायरेक्टर संजय सिंह, गुरमुखदास वाधवा, प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल व समस्त स्कूल स्टाफ की उपस्थिति रही।

## पेंशनर्स संगठन के सदस्य कुरूद (धमतरी) शपथ-ग्रहण कर वापस लौटे

राजनादंगांव(दावा)। विगत दिनों छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएसन रायपुर द्वारा ग्राम कुरूद (धमतरी) में छ.ग. के समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ-ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अजय चन्द्रकार के सानिध्य में सम्पन्न हुआ और सभी ने संगठन के हित में कार्य करके संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया।



इस अवसर पर राजनांदगांव के सदस्यों को पद जैसे एस.आर. केहरी (प्रांतीय संरक्षक), निशार अहमद (प्रांतीय महामंत्री), कमल कुमार दुबे (प्रांतीय उपाध्ययक्ष), श्रीमती हसीना खान (प्रांतीय सचिव), सुधीर शेण्डे (प्रांतीय संगठन सचिव), शैलेन्द्र सिंह (प्रांतीय संगठन सचिव) बनाए गए हैं। दिन रविवार दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को मासिक पेंशनरों की बैठक में प्यारेलाल स्कूल में दोपहर 12:30 को सभी नए पदाधिकारियों का पूर्ण उत्साह के साथ अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। और नारे लगाए गए, और सभी पदाधिकारियों ने अपने उदबोधन में सबको साथ मिलकर एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग से आई मैडम माधुरी नेहरू जो पेंशनरों के स्वास्थ्य एवं विभिन्न प्रकार की बीमारी शुगर, बीपी, थकावट आदि विभिन्न प्रकार की बीमारियों के संबंध में जानकारी देकर शरीर को स्वस्थ रखने के विभिन्न उपाय बताए और सभी का निःशुल्क वयोवृध्द स्वास्थ्य कार्ड भी बनाया और कोई भी पारिवारिक समस्या हो, स्कीम शासन के अंतर्गत राष्ट्रीय वयोवृध्द स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत संचालित है। इसी अवसर पर नगर अध्यक्ष पतराम साव एवं जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने भी शहर की गतिविधियों की जानकारी दी एवं सभी के समर्थन से भूतपूर्व प्राचार्य अशोक कहार को कार्यकारी जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया, जिसका सुधीर शेण्डे द्वारा समर्थन दिया गया।

इसी प्रकार यह कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संगठन के पी.एल.वर्मा, राकेश श्रीवास्तव, जगदीश साहू, मनहरण साव, रमेश भोजवानी, श्रीमती हसीना खान, सावरकर मैडम, ज्योतिष राम यादव, सुरेन्द्र साव और भी पेंशनर्स इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे और यह कार्यक्रम को सफल बनाया। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने आए हुए पेंशनरों को इस स्वागत कार्यक्रम के लिए अपनी ओर से बधाईयां दी है? उपरोक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति में संगठन के प्रचार-प्रसार प्रभारी रमेश भोजवानी ने दी।

## नेहरू महाविद्यालय में एनएसएस द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा साप्ताहिक गतिविधि क्लास के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) ई.वी. रेवती के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की रूपरेखा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एच.आर. पदमे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के संयोजन में तैयार की गई।



इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ट्री गार्ड भी लगाए गए। साथ ही सभी स्वयंसेवकों ने पौधों की नियमित देखरेख एवं संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में दलनायक चंद्रदेव, युवराज पटेल, योगिता, दिव्या, संजना, उगेश्वरी एवं अनंत जैसे सक्रिय स्वयंसेवकों ने प्रमुख भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त भूतपूर्व दलनायक आकाश, शैलेन्द्र यादव तथा झंगलु सहित समस्त स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम रहा, जिससे विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना का संचार हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार की रचनात्मक एवं जनहितकारी गतिविधियों के आयोजन की योजना है।

# पहला कॉलम...

## एफआईआई की भारतीय बाजारों में वापसी

मुंबई । भारतीय शेयर बाजारों में महीनों की बिकवाली के बाद विदेशी निवेशकों का भरोसा फिर से बढ़ता रहा है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, 7 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले सात कारोबारी सत्रों में से पांच में शुद्ध खरीदार रहे और उन्होंने सेकेंडरी मार्केट में 3,000 करोड़ रुपए से अधिक के शेयर खरीदे। आंकड़ों के अनुसार, प्राइमरी मार्केट में उनकी खरीदारी और अधिक रही और यह 7,600 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई। एनएसई के प्रोविजनल डेटा से पता चलता है कि एफआईआई ने 15 अक्टूबर को अपनी खरीदारी का सिलसिला जारी रखा और 162 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।खरीदारी में यह नई दिलचस्पी प्रमुख बाजार सूचकांकों में लगातार बढ़ोतरी के साथ देखने को मिली है। अक्टूबर की शुरुआत से, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में लगभग 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि बीएसई मिडकैप सूचकांक 3.4 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 1.7 प्रतिशत बढ़ा है। फॉरन फंड फ्लो में अचानक बदलाव ने कई बाजार पर्यवेक्षकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। कुछ विश्लेषक इसे अल्पकालिक उछाल के रूप में देखते हैं, जबकि अन्य का मानना है कि यह कॉर्पोरेट आय की बेहतर संभावनाओं और भारत में स्थिर आर्थिक स्थितियों को दर्शाता है।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की 8प्रतिशत से अधिक जीडीपी वृद्धि

नई दिल्ली । वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारत ने 8 प्रतिशत से अधिक की शानदार आर्थिक वृद्धि दर हासिल की है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत एक घरेलू मांग आधारित अर्थव्यवस्था है, इसलिए अमेरिकी टैरिफ विवाद या वैश्विक व्यापार में आई सुस्ती का देश की वृद्धि पर सीमित प्रभाव पड़ेगा। मल्होत्रा ने कहा कि कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभावों के बावजूद भारत ने तेजी से सुधार करते हुए वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति बनाई है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और यह वैश्विक झटकों का सामना करने में सक्षम है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि भारत ने मुद्रास्फीति को 8 प्रतिशत से घटाकर 1.5 प्रतिशत तक लाने में सफलता पाई है, जो पिछले आठ वर्षों का सबसे निचला स्तर है। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में गिरावट ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा, भारत का राजकोषीय घाटा नियंत्रण में है और केंद्र सरकार का घाटा तष्ठक्कका 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## पीएफ खाताधारकों को अब रिटायरमेंट से पहले पूरा पैसा निकालना हुआ मुश्किल

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने कर्मचारियों की रिटायरमेंट प्लानिंग को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है। एक तरफ जहां तत्काल जरूरतों के लिए आंशिक निकासी को आसान बनाया गया है, वहीं नौकरी छोड़ने पर क्क्न की पूरी रकम निकालने के नियमों को पहले से कहीं ज्यादा सख्त कर दिया गया है। सरकार का मकसद साफ है कि कर्मचारी अपनी तात्कालिक जरूरतों को तो पूरा करें, लेकिन अपने भविष्य को भी आर्थिक रूप से सुरक्षित रखें।हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए आंकड़े चिंताजनक तस्वीर पेश करते हैं। इन आंकड़ों के अनुसार, लगभग 50त्न EPF सदस्यों के खाते में निकासी के समय 20,000 रुपये से भी कम राशि होती है। करीब 75% कर्मचारियों के PF खाते में 50,000 रुपये से कम और 87% सदस्यों के पास रिटायरमेंट के करीब पहुंचने पर भी 1 लाख रुपये से कम जमा होते हैं। सरकार का मानना है कि छोटी-छोटी जरूरतों के लिए बार-बार पैसा निकालने की आदत लोगों के रिटायरमेंट फंड को खोखला कर रही है, जिससे उनका बुढ़ापा असुरक्षित हो रहा है।

## जीएसटी दर में कटौती से दीपावली होगी धमाल

नई दिल्ली । अर्थशास्त्रियों और उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी 2.0 सुधारों के चलते इस साल दीपावली की खरीदारी में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिलेगी। क्रय शक्ति में उल्लेखनीय बढ़ोतरी और ऐतिहासिक रूप से कम मुद्रास्फीति ने उपभोक्ताओं, विशेष रूप से निम्न और मध्यम वर्ग को अधिक खरीदारी के लिए प्रेरित किया है। इस त्योहारी सीजन में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री की उम्मीद है, जिसका लाभ व्यापारियों को भी मिलेगा। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष हरवंश चावला ने आईएएनएस को बताया, जीएसटी 2.0 के सुधारों ने खुदरा कीमतों में कमी लाई है, जिसका सबसे बड़ा प्रभाव निम्न और मध्यम वर्ग पर पड़ा है।

# भारत को मिली कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी, इस शहर में होगा आयोजन



नई दिल्ली। भारतीय खेल प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। भारत को 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिल गई है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर यह बड़ा ऐलान किया। एस जयशंकर ने इसे भारत के लिए गौरव का पल करार दिया। भारत दूसरी बार कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा। इससे पहले भारत ने साल 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। तब दिल्ली में गेम्स का आयोजन हुआ था।

एस जयशंकर ने अपनी पोस्ट में लिखा- भारत कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी अहमदाबाद में करेगा, जो भारत और गुजरात के लिए गौरव का क्षण है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचे और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के दृष्टिकोण का प्रमाण है। कॉमनवेल्थ गेम्स के आयोजन से भारत को ओलंपिक की मेजबानी हासिल करने में काफी मदद मिलेगी। भारत का अगला बड़ा लक्ष्य ओलंपिक गेम्स का पहली बार अपने यहां आयोजित करना है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी अहमदाबाद को कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- गुजरात और भारत के लिए गौरव का क्षण! कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के कार्यकारी बोर्ड ने 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए अहमदाबाद को प्रस्तावित मेजबान शहर के रूप में अनुशंसित किया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि अहमदाबाद को भारत की खेल राजधानी बनाने के हमारे दृष्टिकोण को आगे बढ़ाती है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और भारत की वैश्विक खेल उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए हार्दिक आभार।

गौरतलब है कि कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होगा। इसमें 74 देशों के 3000 से ज्यादा एथलीटों के हिस्सा लेने की संभावना है। इसके बाद 2030 में अहमदाबाद में हजारों एथलीट जुटेंगे। 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स का शताब्दी वर्ष होगा। साल 1930 में पहली बार कनाडा के हैमिल्टन में इन गेम्स का आयोजन हुआ था।

# स्मृति मंधाना ने दूसरी बार जीता आईसीसी का स्पेशल अवॉर्ड



नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना का बल्ले से साल 2025 में अब तक वनडे फॉर्मेट में काफी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है, सितंबर महीने में मंधाना का बल्ले से काफी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला था। इसके बाद उन्हें आईसीसी की तरफ से सितंबर महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया था।

अब मंधाना ने इस स्पेशल अवॉर्ड को जीत लिया है, जिसका ऐलान खुद आईसीसी की तरफ से किया गया है।

स्मृति मंधाना का सितंबर 2025 में बल्ले से प्रदर्शन को लेकर बात की जाए तो उन्होंने कुल 4 मैच खेले जिसमें 77 के शानदार औसत के साथ 308 रन बनाने में कामयाब रही। स्मृति मंधाना ने इसी के साथ 2 शतकीय और एक अर्धशतकीय पारी भी खेलने में कामयाब रही। मंधाना का इस दौरान स्ट्राइक रेट 135.68 का देखने को मिला।

# प्यूर्टो रिको के खिलाफ अर्जेंटीना की शानदार जीत, नेमार को पछाड़कर मेसी ने रचा इतिहास



फोर्ट लॉडरडेल । अर्जेंटीना ने चेज स्टेडियम में प्यूर्टो रिको के खिलाफ 6-0 से जीत दर्ज की। मुकाबले के दौरान स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने दो गोल में असिस्ट किया। इसी के साथ लियोनेल मेसी पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक असिस्ट करने वाले खिलाड़ी बन गए।

अद्भुत कौशल और रिकॉर्ड तोड़ उपलब्धियों के लिए मशहूर मेसी ने अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 60 असिस्ट किए हैं। प्यूर्टो रिको के खिलाफ दो असिस्ट के साथ उन्होंने नेमार और लैंडन डोनोवन को पछाड़ दिया। इन दोनों ही खिलाड़ियों ने अपने करियर में 58-58 असिस्ट किए हैं। अब मेसी अपने पेशेवर करियर में कुल 400 असिस्ट से सिर्फ तीन ही कदम दूर हैं। प्यूर्टो रिको के विरुद्ध मुकाबले में अर्जेंटीना ने तुरंत ही गेंद पर नियंत्रण कर लिया था।

मुकाबले के 13वें मिनट मोंटील ने मेसी को क्रॉस दिया, जिन्होंने क्रॉसबार पर शॉट मारा। निकोलस गोंजालेज ने रिबाउंड पर वॉली से गेंद को गोल की ओर पहुंचाया और मैक एलिस्टर ने हेडर से गोल करके मैच का खाता खोला। मैच के 23वें मिनट मेसी ने मोंटील को एक बेहतरीन पास दिया, जिन्होंने इसे गोल में तब्दील करते हुए अर्जेंटीना के स्कोर को 2-0 पहुंचा दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ी लगातार प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गोल की तलाश में लगे रहे। मैक एलिस्टर ने मुकाबले के 36वें मिनट एक और गोल किया।

# एयर फोर्स रैंकिंग में भारत ने चीन को भी पछाड़ दिया



नई दिल्ली। भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे शक्तिशाली वायुसेना का खिताब हासिल कर लिया है। वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉर्डन मिलिट्री एयरक्राफ्ट की रैंकिंग में शीर्ष पर अब भी अमेरिका का दबदबा कायम है। इसके बाद रूस का स्थान है। चीन अब चौथे स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले चीन तीसरे स्थान पर था और चौथा स्थान भारत के पास था। लेकिन अब भारत चीन से आगे निकल गया है।

भारत की वायुशक्ति का बढ़ना एशिया के सामरिक संतुलन में बड़े बदलाव का संकेत है। रैंकिंग में 103 देश और 129 वायु सेनाएं शामिल हैं, जिनमें सेना, नौसेना और नेवल एविएशन ब्रांच भी शामिल हैं। इस रैंकिंग में दुनिया भर में कुल 48,082 विमानों पर नजर रख गया है। सैन्य रणनीति में वायु शक्ति को एक निर्णायक कारक माना जाता है और इस मामले में अमेरिका शीर्ष पर काबिज है।

यह रेटिंग ना केवल विमानों की संख्या का मूल्यांकन करती है, बल्कि आक्रमण और रक्षा क्षमताओं, सैन्य सहायता, आधुनिकीकरण और परिचालन प्रशिक्षण जैसे कारकों का भी मूल्यांकन करती है। 1,716 विमानों के बेड़े में भारत ने संतुलित बल संरचना बनाए रखी है। भारतीय वायुसेना के बेड़े में 31.6 प्रतिशत लड़ाकू विमान, 29 प्रतिशत हेलीकॉप्टर और 21.8 प्रतिशत ट्रेनर एयरक्राफ्ट हैं।

# अबू धाबी टी10 लीग से जुड़े हरभजन सिंह, इस नई नवेली टीम का बनेंगे हिस्सा

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह एक बार फिर मैदान पर अपने जादू का जलवा बिखेरने को तैयार हैं। इस बार वे अबू धाबी ञ10 लीग में नई एमिराती फ्रेंचाइजी एस्पिन स्टैलियन्स का हिस्सा बनेंगे। हरभजन सिंह दिग्गज स्पिनर हैं और उन्होंने टीम इंडिया के लिए टेस्ट में 103 मैच खेलते हुए 417 विकेट चटकाए। उनके नाम हृष्ठ्ठ में 269 विकेट दर्ज हैं। साल 2021 में उन्होंने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया था। तब से ही वह दुनियाभर की फ्रैंचाइजी लीग में खेल रहे हैं। इस साल वह वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में इंडिया चैंपिन्स टीम का हिस्सा थे।



हरभजन जिस टीम एस्पिन स्टैलियन्स से जुड़े हैं, वो AMH Sports द्वारा लॉन्च की गई है और यह/श्व की पहली स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी है। एस्पिन स्टैलियन्स की शुरुआत अबू धाबी स्पोर्ट्स काउंसिल, अबू धाबी टूरिज्म और एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के सहयोग से हुई है। टीम का स्वामित्व अहमद खोरी के पास है। बता दें, ञ10 लीग का आयोजन साल 2017 से हो रहा है। इस लीग के अब तक 8 सीजन खेले जा चुके हैं। इस लीग में हर मैच 10-10 ओवर के होते हैं।

# पर्थ में उतरी टीम इंडिया, फैंस बोले- रोहित-कोहली की जोड़ी दिलाएगी वनडे सीरीज में जीत



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए पर्थ पहुंच चुकी है। टीम में पूर्व कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल, सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी, तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ सहयोगी स्टाफ के कुछ सदस्य शामिल हैं।

यह वनडे सीरीज कई मायनों में खास है। सीरीज के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज भी खेली जाएगी, लेकिन रोहित शर्मा और विराट कोहली, जिन्होंने टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। ऐसे में, वनडे सीरीज दोनों दिग्गजों के प्रशंसकों के लिए खास अहमियत रखती है। रोहित और कोहली की बल्लेबाजी पर दुनियाभर के क्रिकेट प्रेमियों की नजरें टिकी हैं।

भारतीय क्रिकेट प्रशंसक इस दौरे को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

पर्थ में एक भारतीय प्रशंसक ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं खास तौर पर विराट कोहली और रोहित शर्मा को देखने आया हूं। दोनों खिलाड़ी मुझे दिखे, और मैं बहुत खुश हूं।

उन्होंने भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के प्रति उत्साह जताते हुए कहा, भारतीय टीम वनडे में बेहद मजबूत है। मुझे पूरा विश्वास है कि भारत तीनों वनडे मैचों में शानदार प्रदर्शन करेगा और सीरीज अपने नाम करेगा।

सीरीज का पहला वनडे 19 अक्टूबर को पर्थ स्टेडियम में खेला जाएगा, इसके बाद 23 अक्टूबर को एडिलेड ओवल और 25 अक्टूबर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में आखिरी वनडे खेला जाएगा। शुभमन गिल की युवा कप्तानी और रोहित शर्मा व विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी से मजबूत हुई भारतीय टीम के प्रदर्शन को लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है।

प्रशंसकों का मानना है कि यह टीम ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर सीरीज जीतकर इतिहास रच सकती है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया के नए कप्तान शुभमन गिल की कप्तानी का भी टेस्ट होगा क्योंकि उन्हें हाल ही में रोहित शर्मा की जगह कप्तानी दी गई है। गिल ने जहां अपनी कप्तानी में हाल ही में भारत में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतकर दुनिया को अपने नेतृत्व का सबूत पेश किया है।

**0 'रूस से तेल खरीद पर नहीं हुई कोई बात......**

रूसी राजदूत ने कहा, हमसे तेल खरीदने से भारत को फायदा

ट्रंप के दावे के कुछ ही घंटे बाद नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में भारत में रूस के राजदूत डेनिसअलीपोव ने कहा कि मोदी और ट्रंप के बीच बातचीत का मुझे पता नहीं है। लेकिन, भारत सरकार अपनी जनता के हितों को देखते हुए फैसला करती है। इसी आधार पर रूस से तेल खरीदा जा रहा है। हम भी यह मानते हैं कि रूस से तेल आपूर्ति भारत के लिए बहुत ही लाभदायी है। उन्होंने यह भी कहा कि पहली बार रूस भारत के शीर्ष चार कारोबारी साझेदार देशों में शामिल हो गया है। दोनों देशों का द्विपक्षीय कारोबार 70 अरब डालर को पार कर गया है। इसमें कच्चे तेल, उर्वरक व कृषि उत्पादों का कारोबार शामिल है।

**0 गुजरात में भूपेंद्र सरकार के सभी 16 मंत्रियों का इस्तीफा....**

भाजपा को चिंता में डाल दिया है। भाजपा में ताकतवर माने जाने वाले लेकिन लंबे समय से किसी न किसी वजह से दरकिनार किए गए नेताओं को अब बड़े पद दिए जाएंगे और नई जिम्मेदारियां दी जाएंगी। तीन साल से सरकार में बदलाव नहीं: 2022 में भूपेंद्र पटेल को फिर से मुख्यमंत्री बनाया गया था। इसके बाद तीन साल से मंत्रिमंडल में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जनवरी में नगर पंचायत चुनाव और दो साल बाद 2027 में चुनाव होने हैं। ताजा फेरबदल को इसकी तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है।

**0 अमित शाह आज रात गुजरात पहुंचेंगे**

जानकारी के मुताबिक जिन विधायकों को मंत्री बनाया जाना है, उन्हें फोन करके सूचना दे दी गई है। इधर, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार रात करीब 9 बजे गुजरात पहुंचेंगे। वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शुक्रवार सुबह गुजरात पहुंचेंगे।आज राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सुनील बंसल गुजरात आ चुके हैं। शाम तक राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मुंबई में एक कार्यक्रम से गुजरात लौट आएंगे। उसके बाद रात 8 बजे उनके आवास पर मीटिंग होगी। इसके बाद राज्यपाल को नए मंत्रियों की सूची भी सौंपी जाएगी।

**0 कांग्रेस से आए नेताओं को मिल सकता है मंत्रीपद**

नए मंत्रिमंडल में 16 में से 7-10 मंत्रियों को ड्रॉप और 3-5 मंत्री रिपीट किए जा सकते हैं। नए चेहरों में कांग्रेस से आए अर्जुन मोढवाड़िया, अल्पेश ठाकोर, सीजे चावड़ा और हार्दिक पटेल को मौका मिल सकता है। सौराष्ट्र से जयेश रादडिया और जीतू वाघानी को मंत्रिमंडल में जगह मिलना तय है। खासकर पाटीदारों और उत्तर गुजरात से ठाकोर समुदाय को तवज्जो दी जाएगी। इसके अलावा, जिन राज्य मंत्रियों को हटाए जाने की संभावना है, उनमें मत्स्य पालन और पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम सोलंकी, पंचायत मंत्री बच्चूभाई खाबर, वन एवं पर्यावरण मंत्री मुकेश पटेल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री भीखूसिंह परमार और आदिवासी विकास मंत्री कुंवरजी हलपति शामिल हैं।

**0 2021 में रूपाणी का पूरा मंत्रिमंडल बदल गया था**

4 साल पहले, भाजपा आलाकमान ने तत्कालीन मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत

## प्रथम पृष्ठ का शेष.....

पूरे मंत्रिमंडल को अचानक बदलकर सबको चौंका दिया था। एक ऐसे घटनाक्रम में, जिसकी किसी को उम्मीद भी नहीं थी, विजय रूपाणी इस्तीफा देने राजभवन पहुंच गए थे। उनके इस्तीफे के बाद, भूपेंद्र पटेल मुख्यमंत्री बने। उनके नेतृत्व में भाजपा ने 2022 के चुनावों में 156 सीटों पर ऐतिहासिक जीत हासिल की।

**0 बस्तर में आज बनेगा नक्सल सरेंडर का इतिहास...**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन ने न केवल सुरक्षा मोर्चे पर ठोस पहल की है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों, संचार और आजीविका से जुड़े विकास कार्यों के माध्यम से स्थायी शांति की आधारभूमि भी तैयार की है। यह सफलता पुलिस और सुरक्षा बलों की रणनीतिक मुहिम, स्थानीय प्रशासन के समन्वित प्रयासों, जागरूक समाज और जनप्रतिनिधियों की रचनात्मक भागीदारी का भी परिणाम है।

**0 उत्तर बस्तर और अबूझमाड़ हुए नक्सलमुक्त....**

'नियद नेल्ला नार' जैसी योजनाओं ने बस्तर में संवाद, विकास और संवेदना की नई धरती तैयार की है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की नीति दो टूक है, हिंसा का कोई स्थान नहीं। जो नक्सली शांति और विकास का मार्ग चुनना चाहते हैं, उनका स्वागत है। लेकिन जो बंदूक उठाकर समाज में आतंक फैलाने की कोशिश करेंगे, उन्हें सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने सभी नक्सलियों से अपील की है कि, हिंसा की राह अंतहीन पीड़ा देती है, जबकि आत्मसमर्पण जीवन को एक नई दिशा देते हुए एक नई शुरुआत का रास्ता खोलता है। अपनी मातृभूमि के भविष्य और अपने परिवारों के उज्जवल कल के लिए हथियार त्यागें और विकास की रोशनी में कदम रखें। उल्लेखनीय है कि देश में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही निर्णायक लड़ाई ने एक ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर जानकारी कि छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर जैसे क्षेत्र, जो कभी नक्सल आतंक के गढ़ हुआ करते थे, अब पूरी तरह नक्सलमुक्त घोषित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह न केवल भारत की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी सफलता है, बल्कि विकास, विश्वास और संवेदना की नई कहानी भी है। बीते दो दिनों में देश में कुल 258 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया है। केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने कहा कि यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि बंदूक नहीं, बल्कि संविधान पर विश्वास की शक्ति जीत रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के निरंतर प्रयासों से नक्सलवाद अब अपने अंतिम चरण में है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम उनके बेहतर भविष्य और देश की एकता के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने सभी नक्सलियों से अपील की कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटें और देश की प्रगति में सहभागी बनें।

**0 पंजाब में सीबीआई ने डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर....**

चंडीगढ़ में CBI की स्पेशल कोर्ट में पेश किया जा सकता है। भुल्लर राज्य के अलग-अलग शहरो में बतौर SSP अपनी सेवा दे चुके हैं। रोपड़ रेंज में पोस्टिंग के दौरान उनके पास अवैध कार व्यापार के मामले सामने आए थे। जहां चेसिस नंबर बदलकर स्क्रैप गाड़ियों को बेचा जाता था। इन्हीं मामलों को दबाने के लिए DIG भुल्लर रिश्वत लेता था। बता दें कि हरचरण सिंह भुल्लर 2007 बैच के IPS अधिकारी हैं। पिछले साल उन्हें 27 नवंबर को रोपड़ रेंज का DIG पद पर पोस्ट किया गया था। हरचरण सिंह पंजाब के पूर्व DGP मेहल सिंह भुल्लर के बेटे हैं। मेहल सिंह को 1980-90 के दशक में पंजाब में आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए जाना जाता है।

**0 जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करें - डॉ. रमन सिंह.....**

पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बड़े सपने देखे और उन सपनों को पूरा करने के लिए दृढ़ विश्वास से आगे बढ़े। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव में प्रारंभ हो गया है। प्रारंभिक सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में 50 बालिका एवं 75 बालक कुल 175 स्वीकृत सीट है। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से बच्चों ने यहां प्रवेश लिया है। आने वाले समय में प्रयास आवासीय विद्यालय में और भी बेहतर कार्य होंगे। बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता के लिए विशेष तौर पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बालिकाओं के हॉस्टल में महिलाओं की ड्यूटी लगाने कहा तथा प्रयास आवासीय विद्यालय में बाऊंड्रीवाल बनाने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि प्रयास आवासीय विद्यालय के माध्यम से आपके कैरियर में एक नया दरवाजा खुल गया है। जिससे आपको उन्नति के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। देश के भविष्य के लिए आप सभी बच्चे अच्छा कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर बच्चों को एक अच्छा अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रतिवेदन का वाचन किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा अंतर्गत प्रयास प्रारंभ किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं जेईई, नीट, सीएलएटी, पीईटी में सफल होने हेतु सक्षम बनाकार व्यावसायिक उच्च शैक्षणिक संस्थान आईआईटी, नीट, आईआईआईटी, एमबीबीएस में प्रवेश कराकर उनकी जीवन में स्थिरता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किया गया। इस सत्र में 113 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश लिया गया है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव एवं समाज सेवी कोमल सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया। उल्लेखनीय है कि सत्र 2025-26 में 113 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश लिया गया है। जिसमें 70 बालक तथा 43 बालिका हैं। चारों वर्ग के विद्यार्थी शामिल है। अनुसूचित जनजाति के 63 विद्यार्थी हैं। पांचों संभाग से कुल 23 जिलों के छात्र व छात्राओं द्वारा प्रवेश लिया गया है। जिसमें दुर्ग संभाग से 44 विद्यार्थी जिसमें जिला राजनांदगांव से 17 विद्यार्थी प्रवेशित है। बस्तर संभाग के

## चीन पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी से अमेरिकी शेयर बाजार धड़ाम

नई दिल्ली। वॉल स्ट्रीट पर महीनों से बनी शांति शुक्रवार को अचानक भंग हो गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन पर शुल्क (टैरिफ) और बढ़ाने की धमकी दिए जाने के बाद अमेरिकी शेयर बाजारों में व्यापक गिरावट दर्ज की गई, जिससे निवेशकों में घबराहट फैल गई। डाउ जोंस 600 अंकों से अधिक गिरा।

पीटीआई की खबर के मुताबिक, ट्रम्प की टिप्पणियों के कारण बाजार ने अपनी सुबह की मामूली बढ़त खो दी और बड़ी गिरावट के शिकार हुए। S&P 500 में 2त्न की गिरावट आई, जो अप्रैल के बाद एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट की ओर बढ़ रहा था। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 598 अंक (1.3त्न) गिर गया, जिसने दिन के दौरान 644 अंकों तक की गिरावट दर्ज की थी। नैस्डैक कंपोजिट में दोपहर 1.20 बजे(ईस्टर्न टाइम) तक 2.6 की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। वॉल स्ट्रीट पर यह गिरावट इतनी व्यापक थी कि स्र×क्क 500 के लगभग हर पांच में से चार स्टॉक नीचे आ गए। Nvidia और apple जैसी बड़ी टेक कंपनियाँ भी इस बिकवाली की शिकार हुईं। बाजार में यह उथल-पुथल तब शुरू हुई जब ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर घोषणा की कि वह चीनी आयातों पर 'शुल्कों में भारी वृद्धि' पर विचार कर रहे हैं।

# खैरागढ़ में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े सराहनीय कदम, श्रमदान अपनी मातृभूमि के नाम' अभियान का कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल और पालिका अध्यक्ष गिरीराज चंद्राकर ने किया शुभारंभ

**खैरागढ़ (दावा)। हमर खैरागढ़ आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान के अंतर्गत संगीत नगरी खैरागढ़ में स्वच्छता को जनआंदोलन में बदलने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'श्रमदान अपनी मातृभूमि के नाम' अभियान का शुभारंभ अमलीडीखुर्द वार्ड स्थित प्राथमिक शाला भवन के खेल मैदान परिसर में भारत माता की जय, वन्दे मातरम, जय छत्तीसगढ़ महतारी और हमर खैरागढ़ सुघ्घर खैरागढ़ के जयकारे व नारों के साथ किया गया।**

कार्यक्रम में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, सीईओ जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, समाजसेवी नंद चंद्राकर, सीएमओ कोमल ठाकुर, पार्षद एवं पूर्व सभापति शत्रुघन धृतलहरे, रूपेंद्र रजक, पुरुषोत्तम वर्मा, पुष्पा सिंदूर, सुमित टांडिया सहित गणमान्य जनप्रतिनिधियों एवं सेवाभावी संस्थाओं से जुड़े स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया और अभियान का पोस्टर विमोचित कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का सराहनीय संदेश दिया।

### विद्यालय को लिया गोद और पौधरोपण कर दिया हरियाली व स्वच्छता का संदेश

श्रमदान के बाद विद्यालय परिसर को आत्मनिर्भर अभियान और नगर पालिका द्वारा गोद लिया गया वहीं परिसर में गुलमोहर, बादाम और करंज सहित छायादार पौधे रोपे गए। इस दौरान वार्ड पार्षद शत्रुघन धृतलहरे, सदाराम निषाद सहित अभियान के सेवाभावी सदस्यों व वार्डवासियों ने पौधों की सुरक्षा और नियमित देखरेख का संकल्प लिया।

### मानसिक बदलाव से ही आएगी स्वच्छता- इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल कलेक्टर

अभियान के पोस्टर विमोचन के अवसर पर कलेक्टर चंद्रवाल ने कहा 'जहां सफाई रहती है, वहां लोग खुद गंदगी नहीं फैलाते।। स्वच्छता की शुरुआत मानसिकता में बदलाव से होती है।। जब सोच बदलेगी तभी अभियान जनआंदोलन बनेगा।' उन्होंने दीपावली पर्व की बधाई देते हुये क्षेत्र वासियों से अभियान में जुड़ने और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की भी अपील की।



पोस्टर विमोचित कर हुआ साप्ताहिक सामूहिक श्रमदान का आयोजन,
कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा स्वच्छता के लिए गंदगी को लेकर मानसिकता में बदलाव जरूरी,
पालिका अध्यक्ष गिरीराज चंद्राकर ने कहा आत्मनिर्भर अभियान साबित होगा मील का पत्थर

सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने कहा 'हम मॉल में गंदगी नहीं करते, पर अपने शहर के बाजार में कहीं भी कचरा फेंक देते हैं। यह अंतर हमारी मानसिकता का है।

स्वच्छता सीधे स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है, इसलिए सजग रहना आवश्यक है।' पालिका अध्यक्ष गिरिजा नंद चंद्राकर ने कहा आत्मनिर्भर अभियान मील का पत्थर साबित होगा और नगर पालिका के साथ स्वयंसेवक जन जागरूकता की एक नई मिसाल कायम करेंगे। स्वागत उद्बोधन देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर ने अभियान की रूपरेखा और जन जागरूकता को लेकर स्वयंसेवियों की पहल की सराहना की।

### खैरागढ़ में हर सप्ताह होगा सामूहिक श्रमदान

अभियान के वरिष्ठ स्वयंसेवक श्री उत्तम बागड़े ने बताया कि नगर में हर बुधवार सुबह एक घंटे का श्रमदान होगा। साथ ही वार्डों में स्वच्छता जागरूकता के लिये निवेदन यात्रा निकाली जाएगी जिसमें नागरिकों से अपने घर व दुकान के आसपास कम से कम 5 मीटर क्षेत्र साफ रखने का निवेदन किया जाएगा। समूचे आयोजन का संचालन शाँतिदूत संस्था के संयोजक अनुराग शाँति तुरे व आभार अभिव्यक्त स्वयं सेवी शिक्षक रुपेश देवांगन ने किया।

### स्वयंसेवियों ने बढ़ाया अभियान का मनोबल

सामाजिक कार्यकर्त्ता अनुराग शाँति तुरे, उत्तम कुमार बागड़े, समसुल होदा खान, रूपेश देवांगन, किशोर शर्मा, वंदना टाण्डेकर, नीलम राजपूत, राजू यदु, जहीन खान, अमीन मेमन, मनोहर सेन, जीवेन्द्र ठाकुर, हेमंत लहरे, लकेश्वर जंघेल, राहुल यादव, नगर पालिका के अभियंता शहबाज अहमद, दुष्यंत श्रीवास, मनोज शुक्ला, पीयूष यदु, टोडर सिंह, लतमार साहू, पंचलाल डगगर, आशीष तिवारी, लोकेश साहू, अंकुर सिंह, सुरेश महोबे, शिशुपाल तापड़िया, उत्कर्ष यदु, ब्राम्हा निषाद, हेमंत साहू, संजय यादव, बलराम यदु, शिवकुमार यदु, अभिषेक यदु, अनिल शर्मा, शिवानी नामदेव, चमेली यादव एनएसएस के टिकेंद्र वर्मा, सदाराम निषाद, मयाराम निषाद, प्रमोद कोठले, हीराचंद निषाद, खेलन निषाद, नूतन निषाद, अंजोरी निषाद, बहूर दास बर्मन, गौरी यदु, लीना वर्मा, राहुल साहू, दुलेश्वर वर्मा, वर्षा वर्मा, वंदना वर्मा, शिक्षकगण लीना भगत, हरीश साहू, वर्मा व रहिशा बेगम सहित अनेक नागरिक सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव विकासशील से मिला शिक्षक फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल



शासकीय सेवक कल्याण के मुद्दों पर हुआ गहन चर्चा - राजेश चटर्जी

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी (सचिव छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन) के नेतृत्व में मुख्य सचिव विकासशील को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दिया है। साथ ही शासकीय सेवक हितार्थ मुद्दों पर ज्ञापन दिया है।

फेडरेशन के प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव जिला अध्यक्ष पी.आर. झाड़े, पी.एल. साहू जितेंद्र बघेल, सी. एल. चंद्रवंशी, विरेन्द्र कुमार रंगारी, बृजभान सिन्हा, पुष्पेंद्र साहू, शिरीष कुमार पांडे, हेमंत पांडे, उत्तम डड़सेना, अब्दुल कलीम खान, सुधांशु सिंह, सोहन निषाद, संजीव मिश्रा, सी. आर. वर्मा, श्रीमती संगीता ब्यौहरे, नीलू झाड़े, सीमा तरार, स्वाति वर्मा एवं शीतल कुमार टंडन ने बताया कि मुख्यसचिव महोदय को प्रदेश के कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का प्रस्ताव प्रस्तुत कर गहन चर्चा किया है। प्रदेश के सभी कर्मचारियों के लिए चार स्तरीय समयमान वेतनमान का प्रारूप प्रस्तुत किया गया है।

उन्होंने बताया कि एनपीएस पेंशन योजना के स्थान पर अप्रैल 22 से लागू किये गये एनपीएस योजना को एलबी संवर्ग तथा अन्य शासकीय सेवक एवं परिवार के बेहतर भविष्य के दृष्टिगत नवंबर 2012 से प्रभावशील करने का निवेदन किया है। सहायक शिक्षक संवर्ग को भी समस्त शासकीय सेवक के समान त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृति हेतु तथ्यात्मक ज्ञापन दिया है।सभी शिक्षक संवर्ग को समयबद्ध पदोन्नति, समयमान वेतनमान एवं सेजस स्कूलों में प्रतिनियुक्ति वाले शिक्षक संवर्ग तथा अन्य कर्मचारियों को कोषालय से मासिक वेतन भुगतान, सेवाकालीन सुविधा तथा स्वत्वों के अंतिम भुगतान के सरलीकरण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुआ है।

प्रतिनिधिमंडल में प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, उप-प्रांताध्यक्ष पवन सिंह, बालोद जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहू (प्रदेश अध्यक्ष ओ बी सी महासभा), रायपुर जिला अध्यक्ष देवमणि साहू,जिला सचिव नीलम सोनी एवं मनसुख दास साहू शामिल हुए। पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्यसचिव महोदय ने प्रस्तुत मुद्दों का समीक्षा कर राज्य शासन की मंशा अनुसार शासकीय सेवक हित में सकारात्मक निर्णय लेने आश्वस्त किया है।



# ओवरसिज डेव्हलपमेंट कैंप में दिग्विजय महाविद्यालय के नेवल एनसीसी कैडेट्स सागर सिंह राजपूत का चयन

राजनांदगांव (दावा)। महाविद्यालय के नेवल एनसीसी कैडेट्स सागर सिंह राजपूत ओवरसिज डेव्हलोपमेंट कैंप में पांच देशों की यात्रा कर महाविद्यालय एवं राजनांदगांव का गौरव एवं मान बढ़ाकर वापस लौटे। सागर सिंह राजपूत छत्तीसगढ़ एवं एम.पी. डायरेक्टेड से एक मात्र कैडेट ने अपना स्थान सुनिश्चित किया था।

सागर सिंह राजपूत अपने स्कूल जीवन से ही एनसीसी कैडेट्स के रूप में पूरी निष्ठा और लगन के साथ लगे रहें और यूनिट द्वारा होने वाले हर कैम्प में शामिल होकर लगातार आगे बढ़ते गए यही कारण हैं कि वह पूर्व वर्ष में आयोजित में भी शामिल होकर राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने होनहार छात्र को बधाई देते हुए, निरंतर उतरोत्तर प्रगति हेतु शुभकामनाएं प्रेषित को साथ हो महाविद्यालय के डॉ.मेजर किरणलता दागले, एन.सी.सी. नेवल अधिकारी विकास कांडे एन.सी.सी. आर्मी अधिकारी हीरेन्द्र बहादुर ठाकुर, महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा एवं अन्य प्राध्यापकों द्वारा शुभकामनाएं दी।

# भोलापुर में शराबबंदी लागू-नियम तोड़ने वालों पर भारी जुर्माना तय



ग्राम विकास समिति का सर्वसम्मति से निर्णय, शराब बेचने वालों पर 35,000 और खरीदने वालों पर 25,000 अर्थदंड

राजनांदगांव (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भोलापुर (छुरिया) में ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें गांव में अवैध शराब की खरीद-बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार- शराब बेचने वाले व्यक्ति पर 35,000 का अर्थदंड लगाया जाएगा। शराब खरीदने वाले (गांव के या बाहर के) पर 25,000 का जुर्माना लगाया जाएगा। जो व्यक्ति शराब पीकर गाली-गलौज या झगड़ा करता पाया जाएगा, उस पर 11,000 का जुर्माना लगाया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों या गांव के भीतर शराब पीते पाए जाने पर भी 11,000 का अर्थदंड तय किया गया है। वहीं, शराब बेचने या पीने की जानकारी देने वाले व्यक्ति को 5,000 का पुरस्कार दिया जाएगा। इसी के साथ, ग्राम विकास समिति ने ऑनलाइन गेम्स जैसे फ्री फायर, पबजी आदि पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया है। ऐसे गेम खेलते पकड़े जाने पर 10,000 का अर्थदंड और जानकारी देने वाले को 5,000 का पुरस्कार देने का प्रावधान रखा गया है। ग्रामवासियों ने बताया कि आस-पास के गांवों में हो रही शराबबंदी से प्रेरणा लेकर यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज के उत्थान के लिए लिया गया है ताकि आने वाली पीढ़ी को नशे और बुरी आदतों से दूर रखा जा सके। गांव के लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि अब भोलापुर नशा मुक्त गांव की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा।

# प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मन में समाधि होनी चाहिए- मुनि वीरभद्र

राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज यहां कहा कि मन में समाधि होगी तभी आत्मा शक्तिशाली होगी और आत्मा शक्तिशाली होगी तभी हम मोक्ष प्राप्त कर सकेंगे। जैन बगीचे में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि आत्मा को शक्तिशाली बनाने के लिए परमात्मा ने 22 परिषह (सहनीय बातों) का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि मच्छर काटे तो उसे सहन करना चाहिए। हमारी गतिविधियों से किसी भी जीव की जान नहीं जानी चाहिए। मुनि श्री ने आगे कहा कि इसी तरह आवश्यक हो तभी नया वस्त्र धारण करना चाहिए। ऐसे ही आवश्यक हो तभी किसी नई वस्तु का इस्तेमाल करना चाहिए। प्रतिकूल परिस्थिति तो आने वाली ही है किंतु ऐसी परिस्थिति से घबराना नहीं चाहिए।



मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि साधुओं को चाहिए कि वे किसी भी एकांत स्थान पर स्त्रियों से बात ना करें। यदि करना भी हो तो ऐसे स्थान पर करें जहां सबकी नजर हो। इसके अलावा एक निश्चित दूरी बनाए रखें। अंधेरे में पूजा या आराधना ना करें। संयम का पालन करें। साधुओं को हर परिस्थिति का सामना करना चाहिए और किसी प्रकार का भाव मन में नहीं रहना चाहिए। कोई आक्रोश पैदा करना चाहे तो भी आक्रोशित ना हो और मन में समाधि रखें एवं आराधना करते हुए आत्म कल्याण के मार्ग में बढ़ते रहना चाहिए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# 90 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 50 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारणकर्ता, परिवहनकर्ताओं, सार्वजनिक स्थल पर मद्यपान करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम छिंदगांव जंगल में अज्ञात 90 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 50 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त राजनांदगांव ग्रामीण श्रीमती तुलेश्वरी देवांगन, आबकारी मुख्य आरक्षक मिलाप मण्डावी, किशोरी कुमरे, दीपक सिन्हा शामिल थे। जिले में अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है।

# डॉ.जे.बी.सी. मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई का क्षमता निर्माण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के उत्कृष्टता केंद्र, भुवनेश्वर द्वारा "Strengthening Assessment & Evaluation Practices" विषय पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जे. बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजनांदगांव में किया गया।

यह कार्यक्रम 12 एवं 13 अक्टूबर 2025 को सुबह 9:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित हुआ। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण का संचालन सीबीएसई द्वारा नामित ट्रेनर श्री अजीत एस्कॉट एवं श्री अनुराग गुलाल द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सीबीएसई से संबद्ध विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने मूल्यांकन एवं शिक्षण की विविध प्रक्रियाओं को गहराई से समझा और आपसी अनुभवों का आदान-प्रदान किया।

प्रशिक्षण सत्रों में विशेष रूप से विभिन्न स्तरों-ज्ञान, समझ, अनुप्रयोग, विश्लेषण, संश्लेषण और मूल्यांकन- पर चर्चा की गई। शिक्षकों को यह बताया गया कि किस प्रकार Bloom's Taxonomy का प्रयोग विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता के समग्र विकास तथा मूल्यांकन प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं उद्देश्यपूर्ण बनाने में किया जा सकता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक मूल्यांकन पद्धतियों से परिचित कराना तथा मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, परिणामोन्मुख और विद्यार्थी केंद्रित बनाना था, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन मिल सके। विद्यालय के प्रशासक संजय बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बर्सर इंद्र कुमार वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, प्राचार्य एकता खंडेलवाल, मनीषा मैंम, इला मैंम ने प्रशिक्षण प्रोग्राम सफलता पूर्वक आयोजित होने पर सभी शिक्षकों को बधाई दी।

# शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में सीपीआर जागरुकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रारंभ राष्ट्रव्यापी सीपीआर जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव में आज एक विशेष सीपीआर जागरूकता एवं जीवनशैली सुधार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती निर्मला उमरे, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा एवं सदस्य नमिताब जैन, भागचंद गिड़िया, राजेश यादव, आशीष सुरे शिक्षकगण, स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, राजनांदगांव के विशेषज्ञ वक्ता डॉ. अतुल मनोहर देशकर (मेडिकल सुपरिटेंडेंट) एवं डॉ. प्रकाश खूंटे (एसोसिएट प्रोफेसर, मेडिसिन विभाग) ने सीपीआर तकनीक की महत्ता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा केवल-संपीड़न सीपीआर का लाइव प्रदर्शन प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं को कार्डियक अरेस्ट की पहचान, त्वरित सहायता के सही कदम एवं प्राथमिक उपचार की मूल बातें व्यावहारिक रूप से सिखाई गई। साथ ही 'नींद, आहार और योग के माध्यम से जीवनशैली में बदलाव, स्वस्थ और खुशहाल जीवन की ओर' विषय पर जानकारीपूर्ण सत्र आयोजित किया गया।

प्राचार्य श्रीमती निर्मला उमरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से युवाओं में आपातकालीन स्थितियों में जीवन बचाने की जागरूकता बढ़ेगी। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा ने कहा कि यह पहल स्वस्थ समाज की दिशा में महाविद्यालय का सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी एस आर कन्नौज ने किया द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन जन भागीदारी समिति के प्रभारी प्रोफेसर अनिल चंद्रवंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संपूर्ण स्टाफ एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

# नीरज विद्या मंदिर में फैंसी ड्रेस नौनिहालों ने दिल जीता

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में विविध स्पर्धाओ का आयोजन किया गया। नर्सरी से क्लास बारहवी तक के बच्चों ने इसमें पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। सीबीएसई की मंशानुरूप सीसीए के तहत आयोजित उक्त स्पर्धा में बच्चों न विभिन्न पौराणिक एवं ऐतिहासिक पात्रों की वेशभूषा धारण कर चरित्रों को जीवंत किया। अधिकांश बच्चों ने श्री राधा-कृष्ण जी का वेश बनाया। एग्जीक्यूटिव डायेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए इस तरह की स्पर्धा को प्रतिभा उन्नयन का सशक्त प्लेटफार्म कहा।



श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण को मानव समाज के लिए श्रेयस्कर बताते हुए समूची मानव जाति को उनसे प्रेरणा लेते हुए धर्म सम्मत जीवन जीने का आव्हान किया। साथ ही उन्होंने सस्वर भक्ति गीत की प्रस्तुति भी दी। कक्षा- नर्सरी से केजी- 2 के लिए फैंसी ड्रेस स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से अदिति नाहटा एवं अर्पित कोठारी प्रथम रहें। प्रसिव साहू एवं वंश देवांगन द्वितीय रहे। अनय गुप्ता एवं शौर्य जैन तृतीय रहे। के.जी-वन से भाविका साहू व त्रिशाभू आर्य प्रथम रहे। याशिका सिन्हा एवं डुमेश बंजारे द्वितीय रहे। उत्कर्ष मेश्राम एवं अर्हनरजा तृतीय रहें। के.जी-टू से निष्ठा साहू व प्रिशा रंगारी प्रथम रही। अभिराज गुप्ता, वान्या कंवर, अन्वय साहू एवं अयांश सोनी द्वितीय रहें। लक्ष्य देवांगन एवं धानया जैन तृतीय रहे।

इसी तरह क्लास वन से फाइफ तक के बच्चों के लिए आयोजित एकल नृत्य (सोलो डॉस) स्पर्धा में क्लास वन में याचना प्रथम, प्रिशा द्वितीय एवं चहक तृतीय रही। क्लास-टू में फाल्गुनी साहू प्रथम, अंशुमन द्वितीय एवं फलक तृतीय रहें। क्लास थ्री में प्रांजली नसोनी प्रथम, संस्कृति पटेल द्वितीय, रिषिका एवं अनंत पटेल संयुक्त रूप से तृतीय रहें। क्लास फोर मे आन्वी सोनी प्रथम, अरिसा यदु एवं लेखश्री साहू द्वितीय, झिलमिल अग्रवाल एवं लक्ष्मी देवांगन तृतीय रहें। क्लास फाइव में प्रियांशी पंचारी एवं दिव्यांशी पटेल प्रथम, अंजली खंडेलवाल द्वितीय, एंजेल शर्मा एवं त्रिशा साहू तृतीय रहें। कक्षा छठवीं से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियो के लिए एकलगान (सोलो सॉग) स्पर्धा का आयोजन किया गया। सभी विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एग्जीक्यूटिव डायेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक श्रीजी. राम सिन्हा ने सभी प्रतिभागियों को बधाईयाँ दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में शिक्षक नवीन देवांगन ने दी।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com